संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ₹ 2    www.actionindialive.com    Facebook.com/actionindialivee



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 107 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## परिसीमन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं, ये मेरी गारंटी-मेरा वादा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण कानून से जुड़े तीन अहम संशोधन विधेयक पेश किया गया। इन प्रस्तावों के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ संसद में सीटों की संख्या को भी बढाया जाना है। पीएम मोदी इस दौरान सदन में बोलते हुए सभी राज्यों को भरोसा दिलाया कि किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

**'अनुपात में भी कोई बदलाव नहीं होगा'**

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी एक्टिविस्ट, संविधान के जानकारों से बात हुई। यहां बैठकर हमारे संविधान ने किसी को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया। एक राष्ट्र के रूप में विचार करना हमारा दायित्व है। चाहे कश्मीर हो या कन्याकुमारी, हम एक साथ सोच सकते हैं एक साथ निर्णय कर सकते हैं। सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं इस सदन से कहना चाहता हूं कि चाहे दक्षिण हो, उत्तर हो, छोटे राज्य हों या बड़े राज्य हों, परिसीमन प्रक्रिया किसी के साथ भी भेदभाव नहीं करेगी।



पीएम मोदी ने सभी दलों को भरोसा देते हुए कहा, यह निर्णय प्रक्रिया किसी के साथ अन्याय नहीं करेगी। जिनके कालखंड में जो परिसीमन हुआ, वह अनुपात उनके समय से चला आ रहा है, उस अनुपात में भी कोई बदलाव नहीं होगा। अगर गारंटी कहिए तो मैं गारंटी देता हूं। वादा की बात करें तो वादा करता हूं। जब नीयत साफ है तो हमें शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है। 'हम उस अहंकार में न रहें कि हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं'

**मोदी का वादा**

**परिसीमन पर दक्षिण भारत के हर राज्य का दूर किया भ्रम, कहा– किसी के साथ नहीं होगा भेदभाव**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम भ्रम में न रहें, हम उस अहंकार में न रहें कि हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। जी नहीं। यह उसका हक है। हमने कई दशकों से उसे रोका है। आज उसका प्रायश्चित कर के उस पाप से मुक्ति पाने का यह मौका है। पीएम मोदी ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि मैं इतना ही कहूंगा कि इसको राजनीति के तराजू से न तौलें। हम जब भी कुछ निर्णय लेते हैं उसका आधा जिम्मा जो उठा रहे हैं, उनका भी कुछ हक बनता है।

## महिलाएं पंचायत से पार्लियामेंट आना चाहती हैं: प्रधानमंत्री मोदी

आरक्षण को महिलाओं का हक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, इसे लटकाए रखने के पाप से मुक्ति पाने का अवसर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से सरकार की ओर से लाए गए तीन विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कराने का अनुरोध किया

**चर्चा**

**देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान है और इस ऋण को हमें स्वीकार करना चाहिए : पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में सभी दलों से सरकार की ओर से लाए गए तीन विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कराने का अनुरोध किया ताकि इससे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि दशकों से महिला आरक्षण को रोका जाता रहा है। अब इसका प्रायश्चित करने का समय है। वे मानते हैं कि देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान है और इस ऋण को हमें स्वीकार करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में परिसीमन और उसके बाद महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े तीन विधायकों पर एक साथ जारी चर्चा में भाग लिया। चर्चा कल तक चलेगी और अंत में गृह मंत्री इसका जवाब देंगे। विधेयकों में एक संविधान संशोधन विधेयक है, जिसे पारित कराने के लिए सरकार को दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। चर्चा में भाग लेते हुए एक तरफ प्रधानमंत्री ने विधेयकों को राजनीतिक बताने के विपक्ष के आरोपों का खंडन किया तो दूसरी ओर स्पष्टीकरण भी दिया कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव या अन्याय नहीं होगा। साथ ही लोकसभा की सीटों में इजाफा समय की मांग है। इसी को ध्यान में रखते हुए नए संसद भवन का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से विधायिका का सामर्थ्य बढ़ेगा। इसे राजनीति के तराजू से नहीं तोलना चाहिए। ये राष्ट्रहित का निर्णय है। उन्होंने कहा, ह्रहम उस अहंकार में न रहें कि हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं... जी नहीं! उसका हक है। हमने कई दशकों से रोका हुआ है। आज उसका प्रायश्चित कर उस पाप से मुक्ति पाने का अवसर है। मोदी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार की नीयत साफ है और हमें शब्दों से खेलने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आज बड़ी जिम्मेदारी के साथ इस सदन से कहना चाहता हूं कि चाहे दक्षिण हो, उत्तर हो, पूरब हो, पश्चिम हो, छोटे राज्य हों या बड़े राज्य हो... ये निर्णय प्रक्रिया किसी के साथ भी भेदभाव या अन्याय नहीं करेगी। भूतकाल में जो सरकार रही, जिनके काल में जो परिसीमन हुआ, उस अनुपात में भी कोई बदलाव नहीं होगा और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। अगर गारंटी चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा चाहिए तो वादा देता हूं... क्योंकि अगर नीयत साफ है, तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

विपक्ष के सरकार पर महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति करने के आरोपों का प्रधानमंत्री ने खंडन किया। उन्होंने कहा कि सरकार का इसके पीछे उद्देश्य राजनीतिक नहीं है। हम महिलाओं को उनका अधिकार दे रहे हैं। 2023 में इसी सदन ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को स्वीकार किया था। अब हमें तकनीकी बहाने बनाकर इसे रोकना नहीं चाहिए।



**'समय की मांग है कि अब हम ज्यादा विलंब न करें'**

पीएम ने कहा कि 2023 में जब हम इस पर चर्चा कर रहे थे, तब लोग कह रहे थे, जल्दी करो। 2024 में संभव नहीं हो पाया क्योंकि इतने कम समय में नहीं हो पाता। अब 2029 में हमारे पास समय है, अगर 2029 में भी नहीं करेंगे तो स्थिति क्या बनेगी हम कल्पना कर सकते हैं। समय की मांग है कि अब हम ज्यादा विलंब न करें। उन्होंने कहा, राष्ट्र के जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं और उस समय की समाज की मन:स्थिति एवं नेतृत्व की क्षमता उस पल को कैप्चर कर एक राष्ट्र की अमानत बना देती हैं, एक मजबूत धरोहर तैयार करती हैं। भारत के संसदीय इतिहास में ये वैसा ही पल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को हमेशा इसका नुकसान उठाना पड़ा है। 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ। इसके पीछे कारण यह था कि सबने सर्वसम्मति से महिला आरक्षण का विधेयक पारित किया था। उन्होंने कहा, अगर हम सब साथ आ जाते हैं, तो इतिहास गवाह है कि ये किसी एक के राजनीतिक पक्ष में नहीं जाएगा।

### आरटीई के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटें आरक्षित करना है अनिवार्य

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा के तहत प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को कक्षा प्रथम एवं उससे पूर्व की कक्षाओं में वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है। इस संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि सभी विद्यालय अपनी आरक्षित सीटों का विवरण विभागीय वेबसाइट एवं उज्ज्वल पोर्टल पर 11 मार्च से 20 मार्च 2026 तक अपलोड करें।



लोककसभा में गुरुवार को सरकार की ओर से परिसीमन और उसके बाद महिला आरक्षण लागू कराने से जुड़े तीनों विधेयकों को पेश किया गया। गृहमंत्री शाह ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण का मुद्दा आने पर शाह ने कहा कि धर्म के नाम पर आरक्षण किसी भी तरह से मंजूर नहीं है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टलाः टैक्सीइंग के दौरान दो विमान के पंख आपस में टकराए;

## आपस में टकराए दो विमानों के विंग, यात्री सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट का इ737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। फिलहाल तकनीकी जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

**अकासा एयर की फ्लाइट वापस बाय पर लौटी**



16 अप्रैल 2026 को दिल्ली से हैदराबाद जा रही अकासा एयर की उड़ान दढ 1406 को तकनीकी और परिचालन कारणों से वापस पर लौटना पड़ा। शुरूआती जानकारी के अनुसार, जब अकासा एयर का विमान खड़ा था, उसी समय किसी अन्य एयरलाइन के विमान ने उससे संपर्क (टक्कर जैसी स्थिति) कर ली।

अकासा एयरलाइन की ओर से बताया गया है कि सभी यात्री और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें समय पर विमान से उतार लिया गया। अकासा एयर ने यह भी कहा है कि उनके ग्राउंड स्टाफ यात्रियों को जल्द से जल्द हैदराबाद पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था कर रहे हैं।

### बंगाल के डीजीपी और मुख्य सचिव के तबादलों से संबंधित याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी का ट्रांसफर करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसा हर जगह होता है, पहली बार नहीं हो रहा है। हालांकि, कोर्ट ने याचिकाकर्ता की इस दलील पर सहमति जताई कि निर्वाचन आयोग को इस संबंध में राज्य सरकार से बातचीत करनी चाहिए थी। कोर्ट ने कहा कि इस बिंदु पर कानून की बात खुली रहेगी। याचिका वकील अरका कुमार नाग ने दायर की थी। इसके पहले याचिकाकर्ता ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

## बंगाल: ट्रिब्यूनल में जिनके नाम उन्हें कोर्ट ने दिया वोट का अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को **मतदान का अधिकार दिया जाएगा। एसआईआर डाल सकता है मुस्लिम बहुल और कम मार्जिन वाली सीटों पर प्रभाव**

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए।

## व्यापक वार्ता: भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को मिली नई गति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें दोनों देशों ने अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इस उच्चस्तरीय बैठक में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, हरित एवं स्वच्छ तकनीक, शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मोबिलिटी और लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय रिश्तों के



पूरे दायरे की समीक्षा की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, इस बैठक में रक्षा, तकनीक, व्यापार, नवाचार, कौशल विकास और काउंटर-टेररिज्म जैसे क्षेत्रों में कुल 15 ठोस परिणाम सामने आए। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से हाई-टेक्नोलॉजी सहयोग को भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी का केंद्रीय स्तंभ माना। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के दौरे पर खास ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि आज हैदराबाद हाउस में उन्होंने आपसी रिश्तों के सभी पहलुओं पर बात की और साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

**द्विपक्षीय**

**निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय रिश्तों के पूरे दायरे की समीक्षा की गई**

## जनगणना-2027 विकसित हरियाणा की आधारशिला: मुख्यमंत्री सैनी




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में स्व-गणना का शुभारम्भ करते हुए। साथ में हैं अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा। (16.04.2026)

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भर कर राज्य में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने प्रदेशवासियों को जनगणना में सक्रिय भागीदारी करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने वीरवार को यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्व-गणना की प्रक्रिया बेहद सरल और समय की बचत करने वाली प्रणाली है। यह पहल प्रधानमंत्री के ईज ऑफ लिविंग और डिजिटल इंडिया के विजन को और सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 विकसित हरियाणाझविकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है और यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राज्य के समग्र और न्यायसंगत विकास की आधारशिला है। हरियाणा में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकानों की गणना एवं सूचीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को डिजिटली स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सटीक और विश्वसनीय जनगणना आंकड़े ही ऐसी नीतियों और योजनाओं के निर्माण को सुनिश्चित करते हैं, जो समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए मंत्र हमारी जनगणना, हमारा विकास को दोहराते हुए कहा कि यह संकल्प हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा।

**प्रक्रिया**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन कर हरियाणा में की जनगणना प्रक्रिया की शुरूआत**

### दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल का हलफनामा रिकॉर्ड पर लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दाखिल नये हलफनामे को रिकॉर्ड पर ले लिया है। केजरीवाल ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश होकर नये हलफनामे को रिकॉर्ड पर लाने का आग्रह किया। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में नया हलफनामा दाखिल कर जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ आरोप लगाते हुए सुनवाई से हटने की मांग की है। केजरीवाल ने हलफनामा में कहा है कि जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के दोनों बच्चे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अधीन काम करते हैं।

**भ्रांतियां दूर की**    परिसीमन और सीटों में बढ़ोत्तरी के बाद दक्षिण भारत के राज्यों के वर्तमान राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रतिशत में बदलाव नहीं होगा

## परिसीमन भी पहले जैसी प्रक्रिया से होगा: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में सदस्यों की संख्या में वृद्धि से राष्ट्रीय स्तर पर राज्यों का प्रतिनित्व प्रतिशत पहले के भांति बना रहेगा। वहीं, सरकार पिछली बार देश में हुई परिसीमन की प्रक्रिया को ही दोहराएगी। इससे जुड़ा विधेयक कांग्रेस के परिसीमन अधिनियम जैसा ही है। गृहमंत्री अमित शाह ने सरकार की ओर से लाए गए तीन विधायकों से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने के लिए लोकसभा में आज चर्चा का संक्षिप्त जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह विषय पर विस्तार से



अपनी बातचीत कल रखेंगे लेकिन इस मुद्दे पर वे आज कुछ बातों को स्पष्ट कर देना चाहते हैं। उनसे पहले कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर कई तरह के आरोप लगाए। इसके ठीक बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 'आज रात भी इस पूरे विषय पर कोई भ्रांति ना हो इस उद्देश्य से वह संक्षिप्त रूप से अपनी बातचीत रखना चाहते हैं।' अमित शाह ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए वर्तमान सीटों में 50 प्रतिशत का इजाफा किया गया है।

543 में 50 प्रतिशत सीटें जोड़ने से आंकड़ा 816 होता है और 850 असल में राउंडअप फिगर है। वर्तमान में भी 543 पूर्ण आंकड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि परिसीमन और सीटों में बढ़ोत्तरी के बाद दक्षिण भारत के राज्यों के वर्तमान राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रतिशत में बदलाव नहीं होगा।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होगी और उनका राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रतिशत 7.18 से बढ़कर 7.23 हो जाएगा। इसी तरह से दक्षिण भारत के सभी पांच राज्यों की वर्तमान में 129 लोकसभा सीटें हैं और प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत है। यह बढ़कर 195 हो जाएंगी और प्रतिनिधित्व 23.97 प्रतिशत हो जाएगा।

**स्पष्ट किया**

**तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होगी और उनका राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रतिशत 7.18 से बढ़कर 7.23 हो जाएगा**





# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिलाई शपथ, सुशासन पर दिया जोर

## भजनलाल शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आान किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर :** शासन सचिवालय में गुरुवार को राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आान किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शासन सचिवालय राज्य प्रशासन का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण निकाय है, जहां से नीतियों और योजनाओं का निर्माण कर उन्हें धरातल पर लागू किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें, तो सरकारी कामकाज में तेजी आती है और इसका सीधा लाभ आमजन को मिलता है। समारोह में मुख्यमंत्री ने संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा सहित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासनिक कार्यशैली में बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने ह्यमिशन कर्मयोगीह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से कर्मचारियों की कार्यकुशलता और क्षमता में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भवः होना चाहिए, जिससे आमजन के जीवन स्तर में निरंतर सुधार संभव हो सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने पिछले सवा दो वर्षों में कर्मचारी कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। इनमें ग्रेच्यूटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए की गई, कर्मचारियों को समयबद्ध पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है, आरजीएचएस के तहत माता-पिता या सास-ससुर में से किसी एक को शामिल करने का विकल्प, अनुकंपा नियुक्ति में पुत्रवधू को शामिल किया गया, महिला कर्मचारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव को 6 चरणों में स्वीकृति, मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन की स्थापना से कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट वर्ष 2026-27 में कार्मिकों और पेंशनर्स के हित में दूरगामी प्रावधान किए गए हैं। पदोन्नति और वेतनमान से जुड़े विषयों के अध्ययन के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जो आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर भी विचार करेगी। साथ ही अधिकारियों को रूल बेस्ड से रोल बेस्ड कार्यशैली की ओर अग्रसर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि, पेयजल, बिजली और सिंचाई के क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के कई हिस्सों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है और युवाओं के लिए नई युवा नीति लागू की गई है। अब तक 1.25 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और इतनी ही नई भर्तियों का मार्ग प्रशस्त किया गया है। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने सचिवालय कार्मिकों के






### आवश्यकता अनुसार पद सृजन के प्रस्ताव का आदेश जारी

सहायक शासन सचिव स्तर के 15 नए पदों के अतिरिक्त 15 और पद सृजित किए जाएंगे, पदोन्नति से वंचित काडर के लिए 2 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी, मुख्य सचिव को विभिन्न विभागों में आवश्यकता अनुसार पद सृजन के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित बड़ी संख्या में सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह में मुख्यमंत्री ने सुशासन, जवाबदेही और जनसेवा को प्रशासन की आधारशिला बताते हुए कर्मचारियों से दक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आान किया।

## राजस्थान के स्कूलों में विद्यार्थियों के अजीब नाम बदलने



**जयपुर।** राजस्थान में शिक्षा विभाग ने राज्य के स्कूलों में विद्यार्थियों के "घसीटाराम", "भालू सिंह", 'घासी राम", "मक्खी सिंह", जैसे अजीब नाम बदलने के लिए पहल की है। "सार्थक नाम अभियान" शुरू किया गया है और शिक्षा विभाग ने प्रधानाध्यापकों को 2950 शब्दों की एक सूची भेजकर कई नाम सुझाए हैं। निर्देश हैं कि प्रधानाध्यापक अजीब नाम वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की सहमति से सूची में से कोई एक नाम संबंधित विद्यार्थी का रख सकेंगे। इस अभियान में अब तक करीब डेढ़ हजार विद्यार्थियों के नाम बदले जा चुके हैं। अजीव नाम वाले विद्यार्थियों को कई बार स्कूल में हीनभावना का सामना करना पड़ता है। ऐसे विद्यार्थियों के सरकारी रिकार्ड में नाम बदलने को लेकर यह अभियान शुरू किया गया है। हालांकि, शिक्षा विभाग द्वारा नामों की भेजी सूची में भी कई ऐसे नाम सुझाए गए हैं, जिनमें व्याकरण की गलती है। जैसे असम नाम सुझाया गया है, जबकि सही शब्द आसिम है। सुझाए गए नामों की सूची में रोनक, संतोख, तारचंद जैसे नाम हैं, जबकि सही नाम रौनक, संतोष व ताराचंद हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि व्यक्ति का नाम उसके व्यक्तित्व, संस्कार और सामाजिक छवि का दर्पण होता है।

# जनगणना देश के विकास की नींवः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 अप्रैल से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-गणना पोर्टल पर प्रारंभिक पंजीकरण कर प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी।





**जनगणना**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का ऑनलाईन शुभारंभ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। इससे हम जान सकेंगे कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच रही है या नहीं। यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे। जनगणना में लगे कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं। उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, कलेक्टर भोपाल प्रियंक मिश्रा, आयुक्त भोपाल नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जनगणना संचालनालय के डिप्टी रजिस्टार जनरल डॉ. विजय कुमार सहित जिला प्रशासन और जनगणना संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे।

# बिरला स्टुडियोज ने वी के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** बिरला स्टुडियोज ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के सहयोग से आज अपनी तरह के पहले मोबाइल-फर्स्ट टेलेंट डिस्कवरी प्लेटफॉर्म रील से रियल स्टार के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे भारत के एंटरटेनमेन्ट उद्योग में प्रवेश को एक समान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रतिभा को पहचानने के दृष्टिकोण के साथ रील से रियल स्टार भूगोल, पहुंच एवं उद्योग जगत के साथ कनेक्शन जैसी पारम्परिक बाधाओं को दूर करता है तथा हर उस व्यक्ति के लिए सिनेमा के रास्ते खोलता है, जिसके पास स्मार्टफोन है। अनन्या बिरला, संस्थापक एवं चेयरपर्सन, बिरला स्टुडियोज ने कहा, ह्यरील से रियल स्टार के माध्यम से हम ऐसे मंच का निर्माण करना चाहते हैं, जहां किसी भी स्थान से आने वाली प्रतिभा को पहचाना जाए और उन्हें मिलने वाले अवसर सिर्फ परिस्थितियों से सीमित न रहें। क्योंकि हर किसी को हक है कि उनकी प्रतिभा को पहचाना जाए, आगे बढ़ने के उचित अवसर दिए जाएं। वोडाफोन आइडिया की डिजिटल पहुंच और बिरला स्टुडियोज के रचनात्मक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण का उपयोग कर यह मंच भारत की असली एवं विविध अभिनय प्रतिभा को मुख्यधारा के एंटरटेनमेन्ट जगत के साथ जोड़ती है।



**पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।**

# सीधी में स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल, स्कूटी से ले जानी पड़ी लाश, अस्पताल में इलाज न मिलने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले के सेमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक बेहद संवेदनहीन तस्वीर सामने आई है। यहां इलाज के अभाव में एक व्यक्ति की मौत के बाद परिजनों को शव स्कूटी पर ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार, 50 वर्षीय रामसजीवन गुप्ता की तबीयत बुधवार रात करीब 11 बजे अचानक बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां न तो डॉक्टर मौजूद थे और न ही कोई जिम्मेदार स्टाफ। परिजन मदद के लिए भटकते रहे, लेकिन समय पर इलाज नहीं मिल सका और आखिरकार उनकी मौत हो गई। मौत के बाद भी परिवार की मुश्किलें खत्म नहीं हुईं। अस्पताल प्रशासन ने ना ही एंबुलेंस उपलब्ध कराई और ना ही शव वाहन की व्यवस्था की। मजबूरन परिजन रामसजीवन गुप्ता का शव स्कूटी पर रखकर घर ले गए। अस्पताल गेट पर मौजूद महिलाएं रोती-बिलखती नजर आईं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# एसीसी गग्गल में अदाणी फाउंडेशन की पहल, एएसडीसी बदल रहा है युवाओं की जिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** विविध क्षेत्रों में कार्यरत अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनी एसीसी तथा अदाणी फाउंडेशन,एसीसी गग्गल स्थित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के माध्यम से मंडी जिले के ग्रामीण युवाओं को कौशल,आत्मविश्वास और रोजगार सहायता प्रदान कर उन्हें भारत के तेजी से बढ़ते रिटेल क्षेत्र में करियर बनाने के अवसर दे रहे हैं।मंडी के किसी छोटे से गांव से निकलकर मोहाली के एक बड़े रिटेल स्टोर तक पहुंचने के लिए आखिर क्या चाहिए? शायद सही प्रशिक्षण और कोई ऐसा जो आप पर विश्वास करे।बरोटी की पल्लवी शर्मा और सिहाल के महेश्वर सिंह के लिए यह विश्वास बना अदाणी फाउंडेशन का एएसडीसी,एसीसी गग्गल,जिसने उन्हें केवल कौशल ही नहीं दिया,बल्कि यह एहसास भी कराया कि वे जीवन में बहुत आगे बढ़ सकते हैं।दोनों ने जब एएसडीसी गग्गल में रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में दाखिला लिया,तो यह एक तरह से खुद पर भरोसे का फैसला था।

# 'लखपति दीदी' पहल से ग्रामीण महिलाए बनीं आत्मनिर्भर

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित लखपति दीदी पहल उल्लेखनीय परिणाम दे रही है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का लक्ष्य स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी वार्षिक आय कम से कम 1 लाख रुपये तक पहुंचाना है। जनसंपर्क अधिकारी आर.आर. पटेल ने गुरुवार को बताया कि राज्य सरकार ने आगामी दो वर्षों में 16.41 लाख परिवारों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में 12.49 लाख महिलाएं इस श्रेणी में पहुंच चुकी हैं, जो इस योजना की सफलता को दशार्ता है। इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 526 मास्टर ट्रेनर और 20 हजार 517 लखपति सीआरपी (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित कर्मी महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों में प्रशिक्षण देने के साथ उनकी आय-व्यय योजना तैयार करने और वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। योजना के तहत महिलाओं को कम से कम दो या अधिक आय स्त्रोतों से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे जोखिम कम हो और आय में स्थिरता बनी रहे।



**वार्षिक आय**

**आगामी दो वर्षों में 16.41 लाख परिवारों को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य**

# मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य शासन ने छठवें वेतनमान के तहत वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय कर्मचारियों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि का निर्णय लिया है। इस फैसले से कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक फायदा मिलेगा, साथ ही लंबित एरियर का भुगतान भी किया जाएगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जनसंपर्क अधिकारी संतोष मिश्रा ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि नई दरों के मुताबिक महंगाई भत्ता 252 प्रतिशत से बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया है।

यह संशोधित दर 1 जुलाई 2025 से लागू मानी जाएगी। हालांकि इसका वास्तविक भुगतान 1 अप्रैल 2026 से (मई 2026 के वेतन) के साथ शुरू होगा। इसके अलावा, 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर कर्मचारियों को 6 समान किश्तों में मई से अक्टूबर 2026 के बीच दिया जाएगा, जिससे उन्हें चरणबद्ध तरीके से आर्थिक लाभ मिलेगा।

शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मचारियों या उनके नामांकित परिजनों को एरियर की राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता मिल सके। महंगाई भत्ते की गणना में 50 पैसे या उससे अधिक राशि को अगले पूर्ण रुपये में जोड़ा जाएगा, जबकि इससे कम राशि को नजरअंदाज किया जाएगा। साथ ही, यह भी साफ किया गया है कि महंगाई भत्ते को किसी अन्य प्रयोजन के लिए वेतन का हिस्सा नहीं माना जाएगा।

**भुगतान**

**महंगाई भत्ता बढ़कर 257%, एरियर का भी होगा भुगतान, प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में भी की गई बढ़ोतरी**

# सीएम सम्राट पहुंचे सचिवालय, अधिकारियों के साथ की बैठक, विजय चौधरी ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री बनने के सम्राट चौधरी एक्शन मोड में हैं । गुरुवार सुबह सम्राट सचिवालय पहुंच और सभी विभागों के प्रधान सचिवों के साथ अहम बैठक की । बैठक में प्रशासनिक स्तर पर कई बड़े निर्देश दिए जा सकते हैं। दूसरी ओर बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे के उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने भी जल संसाधन विभाग का पदभार ग्रहण किया। सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके साथ जदयू के विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली थी। फिलहाल राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है। मौजूदा व्यवस्था के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग हैं, जबकि विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट विस्तार के बाद इन विभागों का पुनर्वितरण किया जाएगा। तब तक तीनों नेता ही सभी विभागों का कार्यभार संभालेंगे। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने सिंचाई भवन स्थित जल संसाधन विभाग में पदभार ग्रहण किया एवं विभागीय कार्यों का जायजा लिया। विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

**जिम्मेदारी**

**उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने भी जल संसाधन विभाग का पदभार ग्रहण किया**



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दिया भरोसा, बिहार की जनता की सेवा में कोई कमी नहीं होगी**

बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकताओं को एक पत्र लिखकर खुशी साझा की। उन्होंने कहा है कि यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का है। ऊजार्वान, लोकप्रिय एवं कर्मठ नेता सम्राट चौधोरी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की है। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पत्र में सभी कार्यकर्ताओं का ' जय श्रीराम' के जरिये अभिवादन करते हुए यह भी बताया कि यह दशकों के अथक परिश्रम, त्याग और बलिदान का प्रतिफल है। उन्होंने इसके लिए बूथ से लेकर प्रदेश तक हर कार्यकर्ता को श्रेय देते हुए कहा कि उनके समर्पण ने इस गौरवशाली क्षण को संभव बनाया है। उन्होंने साथ ही जनता दल (यूनाइटेड) के विजय कुमार चौधरी एवं बिजेन्द्र प्रसाद यादव के उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण पर भी हार्दिक बधाई दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार को बिहार के इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय बताते हुए पत्र में लिखा है - हम विनम्रतापूर्वक यह कहते हुए गर्व अनुभव करते हैं कि पहली बार बिहार में सरकार का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री के हाथों में है। उन्होने इसे परिवर्तन नहीं, यह निरंतरता बताते हुए दावे के साथ कहा कि सुशासन की उसी नींव पर, उसी प्रतिबद्धता के साथ, अब और अधिक संकल्प एवं ऊर्जा के साथ बिहार के विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा - पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुदृढ़ नींव पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल मार्गदर्शन में बिहार के विकास को हम नई गति देंगे। सुशासन से समृद्धि युग, बिहार अभ्युदय काल का शुभारंभ हो चुका है।

## अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा के विद्यार्थियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

# अपोलो का 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा





**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीबीएसई की दसवीं का रिजल्ट गत बुधवार को घोषित हुआ जिसमें अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहरा दिया ।परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। कक्षा 10वीं के छात्र अतुल्य मिश्रा ने 97.8प्रतिशत स्कोर लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।वही , शुभी,अनोखी ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर सफलता हासिल की। वासु राठी ने 96.4, साक्षी 96,जानवी और शिवम गर्ग ने 95.4, अनिरुद्ध 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। 90% से अधिक अंक लाने वालों में दिव्यंका,गोविंद, एकजोत,नृप, प्राची ,वीर बेनीवाल रहे । परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल हो गया। छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विज्ञान विषय में 99,गणित में 100, हिंदी में 99,कंप्यूटर में 100,अंग्रेजी विषय में 99, और सामाजिक में 93 अंक लेकर सर्वोच्च प्रदर्शन किया। विद्यालय की मार्गदर्शिका रजनी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्टाफ ,अभिभावक और बच्चों की मेहनत से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार और शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने खुशी जताते हुए कहा कि अपोलो इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अहम छाप के साथ दिन प्रतिदिन नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 बच्चों ने 80% से अधिक अंक ला कर नाम रोशन किया हैं ।उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में भी विद्यालय की तरफ से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सफल विद्यार्थियों के अभिभावक, एडमिन प्रमुख विकास अरोड़ा ,रश्मि ,साशा , ममता शर्मा, मुकेश , सुलक्षणा,प्रियंका, रमन समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## कैंट मंडी में गेहूं खरीद का जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे गणेशन ने अंबाला कैंट अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीद व्यवस्था, लिफिटंग कार्य, मंडी गेट पास, किसानों के लिए हैल्प डेस्क व बायोमैट्रिक के साथ-साथ किसानों की सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त एवं सचिव ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में किसानों को गेंहू खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी अथवा असुविधा नही होनी चाहिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर बेहतर कार्य करना सुनिश्चित करें। खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग, व अन्य कार्य भी बिना किसी देरी सुगमतापूर्वक करवाएं जाएं।
इस दौरान उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिएं। उन्होंने कहा कि मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय और गेहूं का समय पर उठान जैसी सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुचारू रहें। निरीक्षण के दौरान आयुक्त एवं सचिव ने गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण किया और मौके पर ही गेहूं की नमी की मात्रा भी जांची। इसके साथ-साथ उन्होंने गेहूं की तुलाई प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया।

## न्यूज फ्लैश

### डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर का 10वीं परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल, रादौर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा और विद्यार्थियों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने बताया कि दिविशा पहूजा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रियान्शु ने 96.8 प्रतिशत, श्रुति वर्मा ने 96.6 प्रतिशत और दिव्यांशी वर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी व आईटी में 100, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान में 99 तथा हिंदी में 98 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 35 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 40 ने 70 प्रतिशत से अधिक तथा 25 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की। प्रधानाचार्य ने इस सफलता के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी।

### प्लाईवुड फैक्ट्री फायरिंग मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार, विदेश से आए पैसों से रची साजिश




**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** अपराध शाखा-2 की पुलिस टीम ने जठलाना क्षेत्र के खजूरी रोड स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री पर फायरिंग के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुरुक्षेत्र जिले के गांव सुन्हेड़ी खालसा निवासी अरमान और गांव कंवारखेड़ी निवासी परीक्षित के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल की रात पुलिस टीम की अभिषेक और हर्ष नामक बदमाशों से मुठभेड़ हुई थी। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में हर्ष की टांग में गोली लगी। मौके से दोनों के कब्जे से एक-एक पिस्टल और बाइक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले 8 अप्रैल को आरोपी अमन उर्फ काकू को गिरफ्तार किया गया था, जिसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और पुल से कूदने के दौरान उसकी दोनों टांगों में फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद पुलिस ने रादौर निवासी लविश और रोहित को भी काबू किया। जांच में सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी अरमान के खाते में विदेश से पैसे ट्रांसफर किए गए थे, जबकि परीक्षित ने आरोपियों के बीच संपर्क स्थापित कर शूटर तैयार करवाए। पुलिस का कहना है कि मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है।

## जेल लोक अदालत में डीएलएसए सचिव ने 2 मामलों का किया निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में कुल 6 मामले रखे गए, जिनमें से 2 मामलों का निपटारा किया गया तथा 2 आरोपियों को मौके पर ही रिहा कर दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा डीएलएसए की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के निर्देशन में एडीआर सेंटर में किशोर न्याय अधिनियम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीजेएम डीएलएसए द्वारा स्पैशल ज्युवनाईल पुलिस को किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें उचित दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## स्वगणना की शुरूआतः उपायुक्त ने भरा फॉर्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जनगणना के महत्व प्रकाश डालते हुए कहा कि 16 अप्रैल 2026 से स्वगणना शुरू हो गई हैं और 30 अप्रैल 2026 तक ये पोर्टल खुला रहेगा । इसी कड़ी में उपायुक्त ने ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं स्व जनगणना करते हुए आमजन को इस कार्य को करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार डिजीटल प्रक्रिया के माध्यम से जनगणना का कार्य किया जा रहा है। इसलिए सभी लोग आगे आकर इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देते हुए जनगणना के कार्य को शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बताया कि स्व जनगणना के लिए पोर्टल पर जाए और अपने और अपने परिवार, मकान व अन्य जानकारी स्वंय ही दर्ज करें। इस प्रक्रिया को करने में मात्र 15-20 मिन्ट का समय लगता है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप घर बैठे ही अपनी इच्छा से अपने व अपने परिवार, आवास और अन्य जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भले ही भविष्य में प्रगणक आपके निवास पर आएगा लेकिन आप अग्रिम तौर पर ही अपनी जानकारी स्वंय भरकर प्रस्तुत कर दें। इस प्रक्रिया के लिए आप घर बैठकर ही मोबाइल व इंटरनैट का पूरा प्रयोग करते हुए इस कार्य को सुगमता से कर सकते हैं। उपायुक्त ने जिले के सभी वासियों से अपील की सभी स्वगणना के महत्व को समझें। पोर्टल 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इसके दृष्टिगत वह इस प्रक्रिया में अपना योगदान दें। उपायुक्त ने इस अवसर पर यह भी कहा कि यह एक अच्छी पहल है। डिजीटल जनगणना होने से सभी को लाभ होगा और भविष्य में इसके अच्छे परिणाम सामने मिलेंगें। यह एक विशेष अवसर है व्यापारी वर्ग अथवा ऐसे वर्ग के लोग भी ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से इस कार्य को कर सकते हैं। इस बार सभी स्वंय को जनगणना में दर्ज कर पाए। उन्होंने कहा कि भले ही कोई विदेश गया हुआ है वह भी स्वंय को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है । यह इस जिले के हर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए हैं हालांकि 1 मई से 30 मई 2026 के बीच भी सर्वेक्षण किया जाएगा परंतु पहले ही स्वंय जनगणना में दर्ज होकर सुनिश्चित हो जाए।

## मतदान जरूर करें, आचार संहिता की करें पालनः उपायुक्त अजय तोमर



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा पर्व है, सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मत करके हम एक अच्छे उम्मीदवार को चुन सकते है। नगर निगम के चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लग गई है सभी को आर्दश आचार संहिता की पालना करनी चाहिए। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अम्बाला शहर में नगर निगम चुनाव व दो गांवों के संरपच तथा 21 पचों के चुनाव के तहत आर्दश आचार संहिता लग गई है जिसकी हम सबकों पालना सुनिश्चित करनी है। राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके उन्हें भी आर्दश आचार संहिता की पालना करने बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त विराट को रिटनिंग अधिकारी लगाया गया है इसके साथ 20 पार्षद पदों के चुनाव के लिए भी एआरओ लगाए जाएगें। उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि जन गणना का कार्य चल रहा है और प्रथम चरण के तहत आज से मकानों की सूचीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। कोई भी व्यक्ति ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से इस कार्य को कर सकता है। उन्होने स्वयं इस कार्य की शुरूआत अपने से की है।

**मत का प्रयोग**

**लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा पर्व है, सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए**

## सिलेंडर में ब्लास्ट होने से जींदा जला बुजुर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 15 अप्रैल।** पानीपत शहर के राम नगर स्थित एक कमरे में बुधवार शाम को गैस रिसाव होकर सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। आग लगने से कमरे में मौजूद 60 वर्षीय बुजुर्ग सोमपाल की जींदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नसीम आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस और फायर बिग्रेड की गाडी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में कमरे में रखा अन्य सामान भी जल गया। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब चाय बनाने के लिए गैस का चुल्हा जला रहे थे तो अचानक से सिलेंडर में धमाका हो गया। हादसा होने पर आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। मृतक की पहचान सोमपाल निवासी राम नगर के रूप में हुई है।

## श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र स्थित श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत (100ः) परिणाम प्राप्त कर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज की है। विद्यालय की मेधावी छात्रा खुशी ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर गौरवान्वित किया, जबकि रिधिमा (91.4 प्रतिशत), स्मृति (91.2 प्रतिशत) और अनुष्का (90.2 प्रतिशत) ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्राचार्या पूजा शर्मा ने बधाई देते हुए बताया कि इसके साथ ही जिया, ईशिका, शिवांश और अलीशा सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित कर विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय छात्रों के कठिन परिश्रम, अनुशासित जीवन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया है। सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी करियर के लिए विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।



# वंदन अधिनियम महिलाओं के सपनों को सच करने का माध्यमः कौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिला कुरुक्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इस अभियान में जुड़ते हुए महिलाएं अपने हस्ताक्षर करके अधिनियम को स्पॉट कर रही हैं। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हस्ताक्षर करवाकर महिलाओं को अभियान के साथ जोड़ा जा रहा है। इस अधिनियम के पारित होने से महिलाओं को अब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी व पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा शिरकत करेंगी।

भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल (33 प्रतिशत) लाना एक ऐतिहासिक कदम है। जिला




परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों को सच करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी अधिनियम के लिए 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र बुलाया है। यह अधिनियम महिलाओं को नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा, जब महिलाएं पूरी तरह सशक्त होंगीं। यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं है।

बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देने वाला एक निर्णायक कदम है। जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ेंगीं, तो विकास की प्रक्रिया अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनेगी। नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 जैसा ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी धन्यवाद किया जिनके नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर कई ऐसी महान महिलाएं हुई हैं जिन्होंने समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को मौका मिलता है, तो वे बहुत अच्छा काम करती हैं। इस अभियान में डीआरओ चेतना चौधरी, परमजीत कश्यप, अनु माल्यान सहित अन्य महिलाओं ने हस्ताक्षर किए।

## न्यूज फ्लैश

### डीएवी स्कूल चीका के छात्र मन्नत ने जिला भर में प्राप्त किया तीसरा स्थान




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में डी.ए.वी. स्कूल चीका के छात्र मन्नत ने 98.6 अंक प्राप्त करके जिला कैथल में तीसरा स्थान लेकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार नई शिक्षा नीति के तहत आयोजित सत्र-2 परीक्षा के चलते बोर्ड ने अभी तक किसी भी छात्र को अनुत्तीर्ण नहीं किया है। इसी क्रम में प्रतीक्षा ने 97.8 अंक तथा हार्दिक चुघ ने 96.4 अंक हासिल किए। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने टॉपर्स को मिठाई खिलाकर उनकी इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार किया है।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी लोगों की शिकायतें



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।**: आज यहां एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह गुहला ने नागरिकों की शिकायतें व समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के निवारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आमजन की समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को गंभीरता से सुने। आमजन को उनकी शिकातयों व समस्याओं के निवारण में पूर्ण सहयोग करें। उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दें। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनका मौके पर ही निपटान करवाया जाता है। यदि किसी व्यक्ति की शिकायत उपमंडल स्तर पर दूर न हो, तो उसे जिला मुख्यालय भेज उसका निपटान करवाया जाता है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निपटान मौके पर ही करवा सकते है। यह समाधान शिविर हर सप्ताह दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जाते हैं। आमजन इन शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। समाधान शिविर में आमजन प्रॉपर्टी आईडी, आधार कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र व बिजली आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते है। आमजन इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### असंतुष्ट गुट के कुछ पार्षदों ने विकास न होने को लेकर नगरपालिका कार्यालय में की तालाबंदी

**गुहला चीका।**आज यहां नगरपालिका चीका में कुछ पार्षदों ने अपने समर्थकों सहित नगरपालिका कार्यालय के मुख्य गेट की तालाबंदी कर दी और नपा के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने का नेतृत्व पार्षद सुखबीर पहलवान ने किया। उन्होंने बताया कि करीब दस दिन पहले नपा चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी के साथ शहर के पार्षदों की एक बैठक हुई थी, जिसमें दर्जनों विकास कार्यों के एजेंडे डाले गए और नपा चेयरपर्सन, सचिव व अन्य अधिकारियों ने पार्षदों को विश्वास दिलवाया था कि जल्द ही टेंडर लगा दिए जाएंगे परंतु अभी तक टेंडर नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया और चेताया कि यदि इस अवधि में भी विकास कार्यों के टेंडर नहीं लगाए गए, तो उन्हें कोई बड़ा फैसला लेने पर भी मजबूर होना पड़ेगा।

# नपा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आह्वान पर आज नगर पालिका चीका के सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय चीका में सरकार की वायदा खिलापी पर नगरपालिका यूनियन वरिष्ठ उप प्रधान चिंतो देवी की अध्यक्षता में धरना दिया व 3 घंटे का वर्क सस्पेंड रखा। मंच का संचालन तलविंदर सिंह ने किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में चिंतो देवी चिंटू ने कहा कि हरियाणा सरकार पालिका कर्मचारियों की लगातार अनदेखी कर रही है। सफाई कर्मचारी व पालिका परिषद, निगम में लगे 15/ 20 साल से कर्मचारी पका होने की बाट जोह रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही, जिसके चलते पालिका कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को 23 दिसंबर व 31 दिसंबर 2025 माननीय उच्च न्यायालय पंजाब एवं

**वायदा खिलाफी**

- वायदा खिलाफी पर नगरपालिका यूनियन वरिष्ठ उप प्रधान चिंतो देवी की अध्यक्षता में धरना दिया

हरियाणा के आदेशों की पालना करनी चाहिए और सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को एक पॉलिसी बनाकर पक्का करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को जब तक पक्के नहीं किए जाते, तब तक समान काम समान वेतन लागू करना चाहिए। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कर्मचारी नेता पवन शर्मा ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और अग्रिशमन कर्मचारियों के आंदोलन में भी मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर प्रेम, गुरमीत, पिंकी, पालो, सुमन, सागर रामनिवास व सुखविंदर आदि कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# गेहूं के सीजन में सरकार की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी तरह से ठप, किसान परेशानः शर्मा

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** अनाज मंडी में इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। गेहूं की फसल लेकर आ रहे किसानों को न तो समय पर फसल का उठान मिल रहा है और न ही उनके खातों में भुगतान पहुंच पा रहा है। सरकार की आनलाइन प्रक्रिया पूरी तरह से ठप्प होकर रह गई है। उपरोक्त शब्द राहुल गांधी युवा बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा टटियाना ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए दावे जमीनी स्तर पर फेल साबित हो रहे हैं। मंडी में सबसे बड़ी समस्या बायोमीट्रिक सिस्टम को लेकर सामने आ रही है। बायोमीट्रिक प्रक्रिया के चलते किसानों को लंबी-लंबी कतारों में घंटों खड़ा



रहना पड़ रहा है। कई बार सर्वर डाउन होने से काम पूरी तरह प्रभावित हो जाता है, जिससे किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि किसान कई-कई दिन ट्रालियों में फसल लेकर मंडी में खड़े रहते हैं, लेकिन समय पर उठान नहीं हो पाता, जिससे उनकी अगली फसल की कटाई और अन्य कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों की बात करती है, लेकिन हकीकत में किसान परेशान हैं। उठान और भुगतान में देरी बिल्कुल अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए सरकार और प्रशासन को जल्द से जल्द इस तरफ ध्यान देकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। लाली शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को जमीनी हकीकत का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं हैं और मुख्यमंत्री केवल ब्यानबाजी में ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में प्रदेश का किसान पूरी तरह से खुशहाल था और किसान को अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत नहीं आती थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अब मंडियों में किसान अपनी फसल बेचने के लिए परेशान हो रहा है, उससे अब धरतीपुत्रों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का शासनकाल याद आ रहा है और अब हर किसान एक ही बात कह रहा है कि भविष्य में कभी भी भाजपा को वोट नहीं देंगे। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**परेशानी**

- किसानों को न तो समय पर फसल का उठान मिल रहा है और न ही उनके खातों में भुगतान पहुंच पा रहा

### फायरिंग करने के मामले में दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराध शाखा - 2 की पुलिस टीम ने खजूरी रोड पर प्लाईवुड फैक्ट्री पर फायरिंग करने के मामले में दो और आरोयिों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह दोनों आरोपी जिला कुरुक्षेत्र के गांव सुन्हेडी खालसा निवासी अरमान व गांव कंवारखेड़ी निवासी परिक्षित हैं।

# अजीमगढ़ के पूर्व सरपंच द्वारा आरटीआई मांगने पर हुआ जानलेवा हमला

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव अजीमगढ़ के पूर्व सरपंच रणजीत लाडी पर करीब आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। हमले में लाडी की टांगें टूट गई हैं और कई जगह चोट भी लगी है। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पूर्व सरपंच को गुहला के सिविल अस्पताल में पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे कैथल सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घायल अवस्था में पूर्व सरपंच लाडी ने गुहला अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उसने मौजूदा पंचायत के बारे में



आरटीआई मांगी हुई थी क्योंकि उसको शक था कि पंचायत में भारी धांधली हुई है। उन्होंने बताया कि आज आरटीआई का जवाब देने की डेट थी, जिसके लिए वह खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय चीका आया था और जैसे ही अपनी गाड़ी पार्किंग करके कार्यालय में जाने लगा, तो कुछ लोगों ने उस पर हमला बोल दिया। सभी के हाथ में लाठियां व लोहे की राड़ थी।

उन्होंने बताया कि हमला करने के बाद सभी लोग रफू चक्कर हो गए। उन्होंने मांग की कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई शुरू की। इस सम्बन्ध में एसएचओ संदीप चहल ने बताया कि घटना के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और बाकी की कार्रवाई घायल पूर्व सरपंच लाडी व प्रत्यक्षदर्शी लोगों के ब्यान लेकर की जाएगी।

# संदिग्ध नशा तस्करों के ठिकानों पर की गई जांच

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नशा व शराब तस्करों की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निदेर्शानुसार कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार की सुबह एसएचओ चीका एसआई संदीप कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा गांव कल्लर माजरा में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। वहीं एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा डेरा गरजा सिंह में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई



मादक पदार्थ छिपा न रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशा तथा शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है।

इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा न करने बारे भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# डीएवी कालेज चीका में डा. अब्दुल कलाम पर प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।**
डीएवी कालेज चीका में अंग्रेजी विभाग द्वारा द लाइफ आफ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस पहल को विद्यार्थियों की ओर से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में भाग लिया। नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नेहा बंसल ने ब्लेंडेड लर्निंग अर्थात पुस्तकों और दृश्य माध्यमों के समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों की समझ एवं सहभागिता को सुदृढ़ बनाती हैं तथा वास्तविक जीवन के संघर्ष और सफलता के उदाहरणों के माध्यम से उन्हें प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर कुनाल



वर्मा, प्रोफेसर नताशा एवं प्रोफेसर सुनीता शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। पूरे प्रदर्शन के दौरान दर्शक पूर्णतः संलग्न रहे और उन्होंने इसे परीक्षा के इस महत्वपूर्ण समय में प्रेरणा एवं उत्साह का प्रभावी स्त्रोत बताया। प्रदर्शन के पश्चात एक चर्चा सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें अपने भविष्य का निर्माण करें, पाठ के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. जसबीर सिंह ने अंग्रेजी विभाग द्वारा इस प्रकार की सार्थक शैक्षणिक गतिविधियों के निरंतर आयोजन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसी पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने के साथ-साथ एक समग्र शिक्षण वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि समग्र रूप से यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों पर सकारात्मक एवं स्थायी प्रभाव छोड़ा।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# स्व-जन गणना सुविधा : ऑनलाइन पोर्टल se.census.gov.in पर भरें विवरण

**स्व-गणना**

**नागरिक स्व-गणना प्रक्रिया में लें भाग, स्वगणना पोर्टल पर स्वयं भी दी अपनी जानकारी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकेंगे। आमजन 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। स्व गणना के माध्यम से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं प्रस्तुत कर सकते हैं। यह खासकर उन लोगों के लिए है, जो किसी कार्यवश दिन भर अपने घरों से दूर रहते हैं।

उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना 2027 को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरा। उन्होंने कहा कि यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा, जिसे 1 से 30 मई तक कराया जाना प्रस्तावित है। इस चरण के अंतर्गत गांवों एवं शहरों के आवासीय, गैर-आवासीय तथा सह-आवासीय भवनों की गणना की जाएगी। इसी प्रकार दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 9 से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश एवं जनता के कल्याण के लिए नीतियों एवं योजनाएं बनाने के लिए अनिवार्य है। इसमें हर भवन हर व्यक्ति की गणना होना अनिवार्य है, क्योंकि यही आंकड़े विकसित भारत के निर्माण के लिए आधार बनेंगे। इसी के आधार पर शिक्षा, आवास एवं घरेलू, सुविधाएं प्रदान करना एवं अनेक कल्याणकारी योजनाएं सम्मिलित है। जनगणना में दी गई जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत पूर्ण रूप से गोपनीय है। नागरिकों की किसी भी योजना को बंद नहीं किया जाएगा और नागरिक निस्संकोच होकर अपनी जानकारी प्रगणक को दें और देश के विकास का हिस्सा बनें।

उपायुक्त ने बताया कि स्वगणना की प्रक्रिया बहुत ही सामान्य है, जिसके लिए नागरिक गूगल पर सेल्फ एनुमरेशन टाईप करें और घर के मुखिया के नाम व मोबाइल से लॉग इन करें, जिससे एक ओटीपी प्राप्त होगा। इस के बाद भाषा का चयन करें। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल अंग्रेजी और हिंदी के साथ 14 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है। इसके बाद नागरिक गूगल मैप पर अपने राज्य, जिला व पिन कोड को डालते हुए अपने घर को मैप पर लोकेट करें।

अपने घर की लोकेशन कन्फर्म करते ही पहले चरण के सभी प्रश्न खुल जाएंगे। ये 27 प्रश्न मकान की स्थिति, घर में कुल लोगों की संख्या, घर के मुखिया की जानकारी, पेयजल का स्त्रोत, घर में रेडियो, टेलीविजन, कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोटरसाइकल, कार का होना आदि के बारे में हैं। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय हैं। इनका जवाब देने के बाद जब सबमिट करने पर मैसेज या ईमेल के द्वारा एक स्वगणना आईडी की प्राप्ति होगी, जो कि प्रगणक के घर आने पर, उसे देनी होगी। आईडी द्वारा सभी प्रश्नों का जवाब प्रगणक के पास आ जाएंगे और इसके सत्यापन के बाद वह इसे सबमिट कर देगा।

उपायुक्त ने सभी सांसदों, विधायकों, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य, महापौर और नगर निगम के सदस्य, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और ब्लॉक समिति और उनके सदस्य, सभी पंच व सरपंच, सभी सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारी एवं सभी युवाओं, सभी किसानों, छोटे-बड़े सभी व्यापारी गण एवं सभी आम आदमी से अपील की कि वे अपनी गणना 16 अप्रैल से स्वयं भी करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

## जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं कर सकेंगे अपनी जनगणना: अनुभव मेहता

**जनगणना**

**जनगणना प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन सुविधा का अधिक उपयोग करें आमजन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 16 अप्रैल (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं अपनी जनगणना कर सकेंगे। यह नई सुविधा 16 अप्रैल (वीरवार)से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी, जिसके तहत आमजन ऑनलाइन पोर्टल एससी डॉट सीईएसयूएस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल घर-घर जाकर जनगणना शुरू होने से पहले लगभग 15 दिनों के लिए खुला रहेगा। इस दौरान नागरिक अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर निर्धारित 33 प्रश्नों के उत्तर भर सकते हैं।



पूरी प्रक्रिया 15 से 20 मिनट में पूरी हो जाती है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जानकारी सफलतापूर्वक जमा करने के बाद नागरिकों को 11 अंकों की एक यूनिक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी। जब जनगणना अधिकारी सत्यापन के लिए घर आएंगे, तो केवल यह आईडी साझा करनी होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया तेज और सरल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा पहली बार लागू की जा रही है, जो पूरी तरह नागरिक हितैषी और तकनीक आधारित है, जिससे प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाया जा सके। इस कार्य के लिए जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। पोर्टल अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि स्व-गणना अवधि समाप्त होने के बाद मकान सूचीकरण का कार्य पारंपरिक तरीके से शुरू होगा। इसके साथ ही जो लोग ऑनलाइन सुविधा का उपयोग नहीं कर पाएंगे, उनके लिए जनगणना कर्मी घर-घर जाकर साक्षात्कार के माध्यम से डेटा एकत्र करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। जनगणना कर्मी मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र करेंगे, जो सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपडेट होगा।

एसडीएम ने उपमंडल के वासियों से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें और इस ऑनलाइन सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि जनगणना प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाया जा सके।

## सुगनी देवी स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**लाडवा, 16 अप्रैल (विजय कौशिक)** : सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हमारे स्कूल का परिणाम शत- प्रतिशत रहा । उन्होंने कहा कि कक्षा दसवीं की 74 छात्राओं में से 50 से अधिक छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त कियो जिसमें 10 छात्राएं 90% से ऊपर हैं और 15 छात्राएं 80% से ऊपर हैं छात्रा अलीशा ने 98% अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । द्वितीय स्थान पर छात्रा अदिति ने 96% अंक और तृतीय स्थान पर नव्या टंडन ने 95% अंक प्राप्त किए` पंजाबी में 100 अंक (अलीशा), इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 99 अंक (करमन,



माही ,अलीशा )इंग्लिश में 98 अंक( अदिति), हिंदी में 98 अंक (अदिति, अलीशा ,नव्या टंडन) साइंस में 97 अंक (अलीशा),सोशल साइंस में 96 अंक (गुरतरण) और मैथ्स में 93 अंक (अदिति) ने लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया` परिणाम घोषित होने पर प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा और मैनेजमेंट के सभी सदस्यों ने अध्यापकों और छात्राओं को मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्या, सभी अध्यापकों और बच्चों को अच्छे परीक्षा परिणाम की बधाई दी और इस मौके पर मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य राजकुमार गर्ग मौजूद रहे। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि परीक्षा में विद्यार्थियों के धैर्य और वर्ष भर किए गए परिश्रम की परख होती है। यह सत्य है कि परीक्षा में विद्यार्थियों को अच्छे अंक पाने की कामना होती है और अच्छे अंक प्राप्त करने से सभी जगह सम्मान होता है।

## लाइक पब्लिक स्कूल में रितिका व प्रतीक बने टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेरिट सूची में रितिका और प्रतीक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया।

विषयवार परिणाम में अंग्रेजी में प्रतीक ने 95 व रितिका ने 93 अंक, हिंदी में रितिका ने 93 अंक, जबकि सामाजिक विज्ञान में रितिका ने 96 व प्रतीक ने 94 अंक हासिल किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या नेहा देवी व विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीबीएसई 10वीं में जनता पब्लिक स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : जनता पब्लिक स्कूल अलाहर ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।

सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शास्त्री, प्रबंध निदेशक रूबी कम्बोज व प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज ने इस सफलता पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई।

**न्यूज फ्लैश**

### 10वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में कक्षा 10वीं (सीबीएसई) का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। आदर्श ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, तन्मय ने 96.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा हितेन ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं विषयवार परिणाम में सामाजिक विज्ञान में तन्मय ने 100/100, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में आदर्श व अनमोल ने 100/100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में हितेन व आन्या ने 97/100, हिंदी में तन्मय ने 99/100 तथा गणित में सारिका व एविश ने 91/100 अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति नागपाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बुबका स्कूल की दो छात्राओं ने एनएमएमएस परीक्षा में लहराया परचम



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : राजकीय उच्च विद्यालय बुबका की दो छात्राओं पलक और खुशी ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल इंचार्ज मलकीत सिंह व स्टाफ ने छात्राओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यापिका अनीता, रीतू, महेश, दिव्यांशा, मुकेश, बाला, रानी, मोनिका व जगदीप सहित अन्य उपस्थित रहे और सभी ने छात्राओं को बधाई दी।

### बस के नीचे आई बुजुर्ग महिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में आईटीआई चौक पर एक सडक हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बस से उतरते समय अचानक महिला का पैर फिसल गया और वह सडक पर गिर गई, जिससे उसका पैर बस के टायर के नीचे आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर महिला को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घरौंडा की रहने वाली बुजुर्ग महिला हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर करनाल आई थी। आईटीआई चौक पर उतरते समय अचानक एक बच्चा दौडकर बस में चढ? लगा। इस दौरान महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई। इसी दौरान उसका पैर बस के पहिए के नीचे आ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## 10वीं के परीक्षा परिणाम में ग्लोब हेरिटेज स्कूल के 14 छात्रों ने बनाई मेरिट



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 10वीं (सीबीएसई) का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला के अनुसार 28 में से 14 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। निखिल पाल ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अंशिका ने 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय, भाविका ने 93 प्रतिशत के साथ तृतीय और रिजुल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अन्य कई विद्यार्थियों ने भी मेरिट में स्थान हासिल किया। विषयवार परिणाम में अंग्रेजी व हिंदी सहित अन्य विषयों में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पूर्णमूर्ति ग्लोबल स्कूल की भूमि खत्री 97 फीसदी अंक लेकर बनी स्कूल टॉपर

**सफलता**

**- विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षाओं में हासिल की शानदार सफलता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 16 अप्रैल** । पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। छात्रा भूमि खत्री ने 97 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। छात्रा सिमरन ने 89.6 फीसदी अंक प्राप्त कर दूसरा व रितिका ने 89 फीसदी अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान पाया। इनके अलावा तौसीफ ने 88.4 फीसदी, डॉली ने 87.8 फीसदी, अभिनव ने 83.6 फीसदी, हर्षिता ने 83.2 फीसदी, वेदांश त्यागी ने 82.4 फीसदी, दिव्यांश ने 81.6 फीसदी व पुष्प ने 80.6 फीसदी अंक हासिल किया है। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

डा.विजयपाल नैन ने बताया कि विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्राचार्या व टीचिंग स्टाफ को दिया, जिनकी देख-रेख में विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि ग्यारहवीं कक्षा में विषयों को चयन में बेहद सावधानी बरते। यह फैसला बहुत जरूरी होता है क्योंकि यही आपके भविष्य की नींव रखता है। स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया ने कहा कि विषयों के चयन का फैसला छात्रों को बहुत सोच-समझकर ही लेना चाहिए क्योंकि इससे कई मायनों में करियर की दिशा तय हो जाती है। ऐसे में सबसे जरूरी होता है सामाजिक दबाव या प्रभाव से दूर रहना और अपनी रुचियों को पहचानना। जो आपको पसंद हो, उसे चुनें। यह भी ध्यान रखें कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के कई रास्ते होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज या दोस्तों के दबाव में आकर फैसला न लें।

इस मौके पर स्कूल की कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी, अध्यापिका शीतल, विनम, रितु, नीलम, निशा, निशु सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने दसवीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सीवरेज व पेयजल जैसी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित करें निपटान: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, 16 अप्रैल। एडीसी** दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर में एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीवरेज, पेयजल, अतिक्रमण व अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निपटान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में हरियाणा परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के राज्य समन्वयक डॉ. सतीश खोला ने भी पीपीपी से



संबंधित समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

एडीसी के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने ढाणा लाढ?पुर स्थित संत कबीर आश्रम की साफ-सफाई व मरम्मत करवाने तथा ढ़ाणा नरसान क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों से अधूरे पड़े राजीव गांधी सेवा केंद्र के निर्माण कार्य को पूरा करवाने की समस्या रखी। गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने शहर के हांसी गेट, घंटाघर और बिचला बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाने, पटेल नगर निवासी जगदीश चंद्र ने अपने मकान के नीचे से सीवरेज व पानी की लाइन गुजरने की जांच करवाने, हवासिंह ने तोशाम बाईपास पर जमीन की अधूरी जमाबंदी पूरा करवाने की समस्या रखी।

गैर-सरकारी सदस्य केके. ग्रोवर ने चौधरी बंसीलाल राजकीय अस्पताल के सामने अवैध रूप से लगी रेहडि?ों को हटवाने, डीसी कॉलोनी निवासी बलवान सिंह ने अपनी माता के नाम प्लॉट का इंतकाल करवाने, रेवाड़ी खेड़ा निवासी तारा ने गली में अवैध अतिक्रमण हटाने, बुसान निवासी कमला ने प्लॉट से कब्जा हटवाने, तालू निवासी विनोद ने आम रास्ते में खड़े बिजली के पोल हटवाने तथा खेतों में जलभराव से नुकसान पर मुआवजा दिलवाने, गुजरानी वासियों ने तालाब की बोली प्रक्रिया में पारदर्शिता न होने की शिकायत रखी।

एडीसी के समक्ष डाबर कॉलोनी निवासी पुलकित तंवर ने गली नंबर-25 में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध करवाने, उषा ने विवाह शुगन योजना का लाभ दिलवाने, गैर-सरकारी सदस्य अनिल सोलंकी ने नेशनल हाईवे से जुड़े हनुमान गेट, हनुमान चौक व हनुमान ढाणी क्षेत्र में डाली गई मिट्टी हटवाने व पेयजल लाइन की लीकेज ठीक करवाने, कविता ने बच्चों की स्कूल में दाखिला व फीस माफ करवाने, पार्षद संदीप ने सेक्टर-13 स्थित नगर परिषद कम्युनिटी सेंटर में चौकीदार व सफाई के लिए कर्मचारी नियुक्त करवाने, सेक्टर-13 की मार्केट में सीवर की सफाई व स्ट्रॉग वाटर ड्रेनेज का अलग कनेक्शन करवाने, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में स्टॉग वाटर ड्रेनेज की सफाई करवाने, खराब पड़े स्ट्रॉग वाटर बूस्टर व जेनरेटर को जल्द ठीक करवाने की समस्या रखी। लगाने की अपील की।

## एसजीएमपीएस लाडवा के विद्यार्थियों ने किया कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 16 अप्रैल (विजय कौशिक)** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने मार्च 2026 में आयोजित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल प्रधान पवन गर्ग ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी को बधाई दी और विद्यार्थियों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। स्कूल सचिव रविंद्र बंसल, सह-सचिव नरेंद्र सिंघल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा



और शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परिणाम 100% रहा है और कुल 44 छात्र मेरिट सूची में शामिल हैं। स्कूल की मेधावी छात्रा छवि ने कुल 98% अंक प्राप्त कर के प्रथम स्थान, धृति ने कुल 94.4% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान और नीरव एवं निपुण ने कुल 94.2% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने अटूट विश्वास और समर्थन के लिए प्रबंधन और अभिभावकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने सत्र के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा दिखाए गए लगन, परिश्रम और अनुशासन की सराहना की।

# संपादकीय

## पश्चिम बंगाल में नई सरकार की अनिवार्यता का विमर्श

**पश्चिम** बंगाल की राजनीति हमेशा से एक व्यापक सामाजिक, वैचारिक और लोकतांत्रिक संघर्ष का मंच रही है। इस बार भी 2026 के विधानसभा चुनाव इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक निर्णायक मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। अब यह चुनाव ही तय करेगा कि राज्य में लोकतंत्र की गुणवत्ता, जवाबदेही और संस्थागत मजबूती किस दिशा में आगे बढ़ेगी। ऐसे परिदृश्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार का मूल्यांकन करना अनिवार्य हो जाता है। दरअसल, पिछले एक दशक में ममता बनर्जी के नेतृत्व में सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण देखने को मिला है। 2011 में परिवर्तन की उम्मीदों के साथ सत्ता में आई तृणमूल कांग्रेस ने शुरूआत में जनसमर्थन अर्जित किया, लेकिन समय के साथ यह शासन शैली एक व्यक्ति-केन्द्रित प्रशासन में बदलती चली गई। प्रशासनिक निर्णयों में संस्थाओं की भूमिका सीमित होती गई और राजनीतिक व प्रशासनिक तंत्र के बीच की दूरी कम होकर पक्षपातपूर्ण होते हुए दिखी। हालांकि ममता का राज इसी विश्वास पर बहाल हुआ था कि पश्चिम बंगाल से अराजकता की समाप्ति होगी, बांग्लादेश से होनेवाली घुसपैठ रुकेगी और हिंसा बंद होकर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पर हकीकत में क्या हुआ? यही कि वादों के अनुरूप ममता सरकार कुछ नहीं कर पाई, उल्टा यह सामने आया कि संस्थाओं की स्वतंत्रता और जवाबदेही समाप्त हो गई। ममता सरकार अपनी हर आलोचना को दबाने लगी। विपक्ष को हाशिए पर धकेल दिया गया और प्रशासनिक मशीनरी को राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वभाविक है कि सभी संकेत लोकतंत्र के लिए खतरे के हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार सवालों के घेरे में है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुआ जघन्य अपराध हम सभी ने देखा, कैसे एक प्रशासनिक संवेदनहीनता और जवाबदेही के अभाव का प्रतीक बन कर सामने आया है। ऐसे मामलों में सरकार की प्रतिक्रिया ने यह संदेश दिया कि ममता सरकार जनता की सुरक्षा से अधिक अपनी छवि बचाने में रुचि रखती है। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक हिंसा की घटनाएं, जोकि बंगाल की राजनीति का एक पुराना दाग रही हैं, अब भी समाप्त नहीं हुई हैं, बल्कि कहना चाहिए ममता राज आने के बाद इसमें बढ़ोत्तरी ही हुई है। चुनावी प्रक्रिया में हिंसा, विपक्षी कार्यकताओं पर हमले और मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करते हैं।किंतु इस बात की फिकर किसे है! ममता का अपना अब तक फिक्स हो चुका वोट का चुनावी गणित है। इसलिए ही ममता सरकार की सबसे बड़ी आलोचनाओं में से एक उसकी वोट बैंक आधारित राजनीति रही है। यहां उल्लेखित है कि राज्य में मुस्लिम आबादी लगभग 28-29 फीसद है और लंबे समय तक एकमुश्त वोटिंग के कारण यह एक निर्णायक राजनीतिक कारक बनी रही है। कहना चाहिए कि तृणमूल कांग्रेस ने इस समीकरण को कुशलता से साध रखा है, किंतु इसके परिणामस्वरूप नीति-निर्माण में संतुलन की कमी दिखाई देती है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# अंकों की दौड़ नहीं, समझ और संतुलन की जरूरत

–सुनील कुमार महला

> पाठकों को बताता चलूं कि प्रसिद्ध व्यवहारवादी मनोवैज्ञानिक जॉन बी. वॉटसन ने बच्चों के विकास को लेकर एक चर्चित और विवादास्पद कथन दिया था-मुझे एक दर्जन स्वस्थ, अच्छी तरह विकसित शिशु दे दीजिए और उन्हें अपने वातावरण में पालने का अवसर दीजिए, तो मैं उनमें से किसी को भी डॉक्टर, वकील, कलाकार, व्यापारी, यहां तक कि भिखारी या चोर बना सकता हूं, चाहे उसकी जन्मजात प्रतिभा कुछ भी क्यों न हो। वास्तव में, इस कथन का मूल भाव यह है कि वे बच्चों के विकास में वातावरण को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते थे

**हाल** ही में, बुधवार को 15 अप्रैल 2026 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें इस वर्ष कुल 93.70% छात्र सफल हुए हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के 93.66% की तुलना में 0.04% अधिक है, जो परिणाम में हल्का किंतु सकारात्मक सुधार दशार्ता है। इस बार भी छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 94.99% पास प्रतिशत हासिल किया, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 92.69% रहा। वहीं ट्रांसजेंडर छात्रों का पास प्रतिशत 87.50% दर्ज किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी और प्रगति का संकेत देता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में 55,368 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 2,21,574 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, जो प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण और विद्यार्थियों की मेहनत को दशार्ता है। इसके साथ ही लगभग 14.7 लाख से अधिक छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो यह दशार्ता है कि एक बड़ा वर्ग अभी भी सुधार की दिशा में प्रयासरत है। इस वर्ष परीक्षार्थियों की कुल संख्या पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम रही। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई ने इस बार भी टॉपर सूची जारी नहीं की और न ही फर्स्ट, सेकेंड या थर्ड डिवीजन की व्यवस्था अपनाई, ताकि छात्रों के बीच अनावश्यक तुलना और प्रतिस्पर्धा को रोका जा सके। हालांकि, परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है, लेकिन इसके साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रवृत्ति भी सामने आती है, जहां अभिभावक अपने बच्चों के अंकों की तुलना दूसरों से करने लगते हैं, जिससे बच्चों पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है। वास्तव में, हर बच्चा अलग होता है- किसी की गणित और विज्ञान में पकड़ मजबूत होती है तो कोई कला, खेल या भाषा में उत्कृष्ट होता है। यदि बच्चों का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर किया जाए, तो इससे उनके आत्मविश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और वे हीन भावना, तनाव तथा असफलता के भय से ग्रस्त हो सकते हैं। प्रतिस्पर्धा जीवन का हिस्सा अवश्य है, लेकिन वह तभी तक सकारात्मक है जब तक वह प्रेरणा



देती है; जब यह दबाव और चिंता का कारण बनने लगे, तब यह मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए हानिकारक हो जाती है। इसलिए बच्चों को दूसरों से बेहतर बनने के बजाय स्वयं से बेहतर बनने की प्रेरणा देना अधिक उचित है। इस संदर्भ में माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें बच्चों के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए, न कि केवल परिणामों पर ध्यान देना चाहिए। यदि बच्चा अपेक्षा के अनुरूप अंक प्राप्त नहीं कर पाता, तो उसे डांटने या तुलना करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि सुधार की आवश्यकता कहां है। बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना, उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझना तथा उसी दिशा में प्रोत्साहित करना ही सही मार्गदर्शन है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में अपेक्षाएं स्वाभाविक हैं, लेकिन जब अभिभावक अपनी अधूरी इच्छाएं बच्चों पर थोपते हैं, तो यह उनके व्यक्तित्व विकास में बाधा बनती हैं। हर बच्चा अपनी अलग पहचान और क्षमता लेकर आता है, इसलिए उस पर अत्यधिक अपेक्षाओं का बोझ डालना उचित नहीं है। हाल फिलहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि अंकों की अंधी दौड़ बच्चों के समग्र विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सफलता का वास्तविक पैमाना केवल अंक नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल और प्रतिभा का विकास है। अत्यधिक दबाव के कारण बचपन प्रभावित हो रहा है और रचनात्मकता में कमी आ रही है, जबकि जीवन में आगे बढ़ने के लिए व्यावहारिक ज्ञान और कौशल अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि प्रसिद्ध व्यवहारवादी मनोवैज्ञानिक जॉन बी. वॉटसन ने बच्चों के विकास को लेकर एक चर्चित और विवादास्पद कथन दिया था-मुझे एक दर्जन स्वस्थ, अच्छी तरह विकसित शिशु दे दीजिए और उन्हें अपने वातावरण में पालने का अवसर दीजिए, तो मैं उनमें से किसी को भी डॉक्टर, वकील, कलाकार, व्यापारी, यहां तक कि भिखारी या चोर बना सकता हूं, चाहे उसकी जन्मजात प्रतिभा कुछ भी क्यों न हो। वास्तव में, इस कथन का मूल भाव यह है कि वे बच्चों के विकास में वातावरण को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते थे। हालांकि आधुनिक मनोविज्ञान यह मानता है कि बच्चे के व्यक्तित्व और विकास में वंशानुगत गुण (हेरिडिटेरी ट्रेट्स) और वातावरण-दोनों का संतुलित योगदान होता है। यह विचार इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दशार्ता है कि सही माहौल और सकारात्मक प्रोत्साहन से बच्चों को बेहतर दिशा दी जा सकती है, न कि केवल दबाव डालकर। वास्तव में, हम सभी को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि बच्चे वास्तव में कच्चे घड़े की तरह होते हैं, जिन्हें जिस दिशा में मार्गदर्शन मिलता है, वे उसी रूप में ढलते चले जाते हैं। उनका मन कोमल, जिज्ञासु और सीखने के लिए सदैव तैयार रहता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उन्हें बचपन से ही सही संस्कार, संयम और सकारात्मक सोच दी जाए। यदि बच्चों में संयम विकसित किया जाए, तो वे कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हैं और जल्दबाजी में गलत निर्णय लेने से बचते हैं। इसके साथ ही आत्मविश्वास का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आत्मविश्वासी बच्चे जीवन की चुनौतियों का सामना साहस और दृढ़ता के साथ करते हैं। जब माता-पिता और शिक्षक बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं, उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों की सराहना करते हैं और असफलताओं में उनका साथ देते हैं, तब उनके भीतर एक मजबूत आत्मबल विकसित होता है। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि हम बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें, बल्कि उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास पर ध्यान दें। सही दिशा, स्नेह और अनुशासन का संतुलन ही उन्हें एक सफल और जिम्मेदार इंसान बना सकता है। वर्तमान समय में परीक्षा का दबाव असामान्य रूप से बढ़ गया है, जहां अच्छे अंक लाने और दूसरों से आगे निकलने की होड़ बच्चों को मानसिक तनाव और चिंता की ओर धकेल रही है। कई बच्चे पढ़ाई को सीखने की प्रक्रिया के बजाय केवल अंक प्राप्त करने का साधन मानने लगते हैं, जिससे उनकी जिज्ञासा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास प्रभावित होता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करना होना चाहिए। यदि बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है, तो वह किसी भी सफलता का वास्तविक आनंद नहीं ले सकता। कहना गलत नहीं होगा कि आज सफलता की परिभाषा भी बदल रही है। अब केवल अच्छे अंक ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि रचनात्मकता, संचार कौशल, आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन जैसे गुण भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि बच्चों से अपेक्षाएं रखना गलत नहीं है, लेकिन उनका संतुलित और यथार्थवादी होना जरूरी है। बच्चों को अपने सपने देखने और उन्हें पूरा करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, क्योंकि वे संवेदनशील और असीम संभावनाओं से भरे इंसान हैं। यदि उन्हें सही वातावरण, समझ और प्रोत्साहन मिले, तो वे न केवल अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।

## जनसंख्या बनाम विकास: लोकसभा पुनर्गठन की असली चुनौती

**प्रो. आरके जैन**

**भारत** की संसदीय व्यवस्था इस समय एक अहम मोड़ पर खड़ी है, जहां लिया गया निर्णय आने वाले दशकों की राजनीति, नीतियों और प्रतिनिधित्व की दिशा तय करेगा। लोकसभा की सीटों को वर्तमान 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 (815 राज्य व 35 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए) करने का प्रस्ताव केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के गणित और भूगोल–दोनों को बदलने वाला कदम है। सवाल सीधा है, पर इसका उत्तर जटिल–क्या इससे आम मतदाता की ताकत वास्तव में बढ़ेगी या बड़े राज्यों का राजनीतिक प्रभाव और गहरा होगा? यही वजह है कि यह बहस अब संसद तक सीमित नहीं रही, बल्कि देश के हर उस नागरिक तक पहुंच गई है, जो चाहता है कि उसका वोट सिर्फ गिना ही नहीं, बल्कि असर भी दिखाए।

सरकार का तर्क सीधा और ठोस है कि बढ़ती आबादी के साथ प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ाना अब अनिवार्य हो चुका है। मौजूदा स्थिति में एक सांसद पर अत्यधिक जनसंख्या का बोझ है, जिससे स्थानीय समस्याएं अक्सर राष्ट्रीय बहस में दब जाती हैं। प्रस्तावित योजना के तहत सीटों को लगभग 50 प्रतिशत बढ़ाकर अधिकतम 850 करने से प्रत्येक सांसद कम लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा, जिससे जनता और प्रतिनिधि के बीच दूरी घटेगी, संवाद सशक्त होगा और जवाबदेही बढ़ेगी। इससे नीतियों का क्रियान्वयन भी अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। साथ ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने के लिए यह विस्तार एक ठोस आधार के रूप में देखा जा रहा है, जो राजनीति में लैंगिक संतुलन को मजबूत कर सकता है। इस प्रस्ताव का एक ऐसा पक्ष भी है, जो गहरी चिंता पैदा करता है और जिसे नजरअंदाज करना आसान नहीं है। दक्षिण भारत के राज्यों ने लंबे समय से जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में यदि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर हुआ, तो अधिक आबादी वाले राज्यों को ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसका असर यह होगा कि दक्षिण के राज्यों का संसद में सापेक्षिक प्रभाव घट सकता है। यह स्थिति एक असंतुलन पैदा करती है, जहां विकास और बेहतर शासन का परिणाम राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी बनकर सामने आता है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि किसी राज्य की मौजूदा सीटें कम नहीं होंगी, फिर भी दक्षिण के राज्यों को अपने प्रभाव में कमी की आशंका है।

यदि इसे आम नागरिक की नजर से परखा जाए, तो इस बदलाव के भीतर कई ठोस संभावनाएं दिखाई देती हैं। सीटों में वृद्धि का मतलब है कि संसद में अधिक विविधता आएगी और अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं पहले से ज्यादा प्रभावी ढंग से उठ सकेंगी। ग्रामीण इलाकों, छोटे शहरों और पिछड़े वर्गों को अपनी बात रखने के लिए व्यापक मंच मिलेगा। महिला आरक्षण के जरिए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

# विचार

## नारी शक्ति वंदन : आधी आबादी को पूरा हक, अब बदलेगी राजनीति की तस्वीर



मदन मोहन छाबड़ा,
प्रदेश सह संयोजक, एक राष्ट्र–एक चुनाव समिति

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वह ऐतिहासिक क्षण आया है, जब आधी आबादी को केवल मतदाता नहीं, बल्कि सत्ता की साझीदार बनने का संवैधानिक अधिकार मिला है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय राजनीति को दिशा को बदलने का सशक्त प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन वाली सरकार ने आधी आबादी को पूरा हक देते हुए उन्हें विकास की सहभागी नहीं, बल्कि विकास की दिशा देने का नेतृत्वकर्ता बनाने का फैसला लिया है, जोकि विकसित भारत के मिशन को नई गति देगा। नारी शक्ति वंदन के जरिए अब देश की बेटियां और बहनें नीतियों की दर्शक नहीं, बल्कि निमार्ता बनेंगी। यह बदलाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और लोकतंत्र को अधिक संतुलित, न्यायपूर्ण और सशक्त बनाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की राजनीति में एक नई तस्वीर उकेरने जा रहा है, जहां आधी आबादी की सत्ता में बराबरी होगी और विकास की धारा हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचेगी।

नारी वंदन अधिनियम संसद और विधानसभाओं के दरवाजे महिलाओं के लिए व्यापक रूप से खोलते हुए उन्हें नीति–निर्माण की मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह केवल 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण नहीं, बल्कि उस सोच में परिवर्तन की शुरूआत है। इससे न केवल प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, बल्कि निर्णयों में संवेदनशीलता, समावेशिता और जमीनी वास्तविकताओं का समावेश भी सुनिश्चित होगा। हालांकि, भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है जिस से गांवों में पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे विषयों के साथ विकास कार्यों से तस्वीर बदल रही है। आज लोकसभा में केवल 15 प्रतिशत और विधानसभाओं में औसतन 9 प्रतिशत महिलाएं हैं। 33 प्रतिशत आरक्षण से लोकसभा में महिलाओं की संख्या 82 से बढ़कर 181 से अधिक हो जाएगी। पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण के बाद अब संसद–विधानसभा में भी महिलाओं की आवाज मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के मान–सम्मान का जो अभियान पिछले 11 वर्षों से चलाया हुआ है, वह अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने महिला–नेतृत्व वाले विकास की अवधारणा को वैश्विक मंचों पर भी प्रमुखता से रखा है। उनका मानना है कि विकसित भारत का सपना नारी शक्ति के बिना पूरा नहीं हो सकता। 50 प्रतिशत आबादी जब नीति–निर्माण में सीधे भाग लेगी, तो देश की जीडीपी मानव विकास सूचकांक दोनों बेहतर होंगे। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण की दिशा और गुणवत्ता दोनों में बदलाव आएगा। महिलाएं समाज के विभिन्न पहलुओं विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, लैंगिक समानता और बाल विकासकूसे जुड़ी चुनौतियों को अधिक संवेदनशीलता और व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझती हैं। जब वे संसद और विधानसभाओं में अपनी आवाज बुलंद करेंगी, तो नीतियों में समावेशिता और सामाजिक न्याय की भावना और मजबूत होगी। 2029 का चुनाव भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखेगा, जब हमारी माताएं, बहनें और बेटियां संसद के गलियारों में बैठकर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में निर्णय लेंगी। यह अधिनियम नए भारत की उस उड़ान का प्रतीक है, जिसकी गति अजेय है और जिसका लक्ष्य परम वैभव है। वर्षों तक हमारी व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को सीमित करने का प्रयास हुआ। वे घर की चारदीवारी तक सीमित कर दी गईं, निर्णय लेने की प्रक्रिया से दूर रखी गईं। फिर भी रानी पद्मावती, रानी दुर्गावती, चांदबीबी, रानी लक्ष्मीबाई जैसी कुछ नारियों ने इस काल में भी अपनी प्रतिभा और बुद्धिमता की छाप छोड़ी है।

आज दुनियाभर में सबसे ज्यादा महिला पायलट भारत में हैं। इतना ही नहीं, चंद्रयान–3 मिशन को सफल बनाने में 100 से अधिक महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की भूमिका को आज कौन नहीं जानता। साफ जाहिर है कि महिलाओं को जब भी अवसर दिया गया, उन्होंने स्वयं को साबित कर दिखाया। राजनीतिक सशक्तिकरण का सीधा प्रभाव सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर पड़ता है। जब महिलाओं को निर्णय लेने की शक्ति मिलती है, तो उनकी सामाजिक स्थिति मजबूत होती है। इससे परिवार और समाज में महिलाओं की भूमिका को नया सम्मान मिलता है। वे संपत्ति, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य से जुड़े निर्णयों में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। इसके साथ ही, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के मामलों में भी कमी आने की संभावना बढ़ेगी, क्योंकि सशक्त महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक और मुखर होंगी। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं, इनमें बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि। इन योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन सभी प्रयासों को एक नई दिशा और गति प्रदान करेगा, क्योंकि अब महिलाएं स्वयं इन योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में भाग लेंगी। पहले यह कानून कई दशकों से लटकाया गया। पहले की सरकारों ने इसे केवल चर्चा तक सीमित रखा, लेकिन कभी भी इसे लागू करने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। कभी जातिगत आरक्षण के नाम पर, कभी राजनीतिक स्वार्थों के चलते, इस महत्वपूर्ण कानून को टालते रहे। 1996 में पहली बार महिला आरक्षण विधेयक संसद में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उसके बाद कई बार प्रयास हुए, बहसें हुईं, विरोध और समर्थन के स्वर उठे, परंतु अंतिम निर्णय तक बात नहीं पहुंच सकी। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विषय को केवल राजनीति का मुद्दा नहीं बनाया, बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया है। यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम के साथ देश की करोड़ों माताओं–बहनों के सपनों की जीत है।

नारी वंदन अधिनियम वास्तव में सशक्त नारी–सशक्त राष्ट्र के उस संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जो आने वाले वर्षों में भारत को एक अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई–मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## झोली वाले बाबाओं से सावधानी जरूरी

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

उत्तर भारत के गाँवों में गेहूँ की कटाई केवल एक मौसम नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव होती है। यह वह समय है जब किसान की महीनों की तपस्या, धूप में जले हाथ, सर्द रातों की पहरेदारी और अनिश्चित मौसम के साथ लड़ी गई जंग अंततः रंग लाती है। खेतों में झूमती सुनहरी बालियाँ किसी साधारण फसल का दृश्य नहीं, बल्कि आशा, संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक होती हैं। जब यही फसल कटकर घर के आँगन में ढेर बनाती है, तो वह केवल अनाज नहीं होती–वह पूरे साल की सुरक्षा होती है, बच्चों की पढ़ाई का आधार, बीमारियों में सहारा, और भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने की ताकत होती है। घर की महिलाएँ उस अनाज को सहेजती हैं, साफ करती हैं, सुखाती हैं और बड़े जतन से उसे भंडार में रखती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि यही दाने आने वाले समय में घर की नींव को मजबूत बनाए रखेंगे। लेकिन इस सुनहरे और संतोष भरे दृश्य के साथ ही एक ऐसी परछाईं भी गाँव की गलियों में उतरने लगती है, जो धीरे-धीरे इस खुशी को कम करने लगती है। यह परछाईं है झोली लेकर घूमने वाले तथाकथित बाबाओं और मोड़ों की, जो इसी मौसम का इंतजार करते हैं। जैसे ही अनाज घरों में आता है, ये लोग अचानक गाँवों में दिखाई देने लगते हैं। उनके वस्त्र, उनका रूप और उनकी वाणी सब कुछ इस तरह से रचा गया होता है कि वे श्रद्धा के पात्र प्रतीत हों। माथे पर तिलक, सिर पर पटका या टोपी, रंग-बिरंगे कपड़े और हाथ में एक झोली–यह सब मिलकर एक ऐसा रूप तैयार करते हैं, जिसे देखकर सामान्य ग्रामीण सहज ही प्रभावित हो जाता है। वे घर-घर जाकर दरवाजे पर खड़े होते हैं और मीठे शब्दों में आशीर्वाद देते हैं–भगवान भला करेगा माता रानी कृपा बनाए रखे–और बदले में कुछ अनाज या पैसे की अपेक्षा रखते हैं। गाँवों में दान और सेवा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह परंपरा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है, जो आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करती है। खासकर महिलाएँ इस परंपरा को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## महिला आरक्षण बिल पर राजनीतिक तूफान

**रोहित माहेश्वरी**

**संसद** के विशेष सत्र में 16 अप्रैल को महिला आरक्षण कानून से जुड़े तीन अहम संशोधन विधेयक पेश किये गये। इन प्रस्तावों के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। संशोधन विधेयक में लोकसभा की कुल सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव रखा गया है, जबकि वर्तमान में यह संख्या 543 है। जो विधेयक पेश किये गये हैं वो हैं, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026, संविधान (131 वां संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 । प्रस्ताव के अनुसार, राज्यों में अधिकतम 815 सीटें और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें निर्धारित की जा सकती हैं। सीटों के अंतिम निर्धारण के लिए परिसीमन प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। नए प्रावधानों के तहत लोकसभा की 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इन विधेयकों पर संसद में 18 अप्रैल तक विस्तृत चर्चा होने की संभावना है, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

इन बिलों का कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, टीएमसी, एआईएमआईएम, सीपीआई एम समेत विपक्षी दलों ने विरोध किया है। विपक्ष इसको बीजेपी की चुनावी रणनीति के तौर पर देख रहा है। हालांकि पीएम मोदी के दिशा निर्देशन में गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठकें भी की हैं। इस दौरान सीट बढ़ाने के स्ट्रेट जैकेट फॉमूर्ला पर चर्चा हुई, जिसमें मौजूदा सीटों को बढ़ाकर नए ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें तय की जाएंगी। इससे लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर करीब 800 से ज्यादा हो सकती हैं। इस बीच दक्षिण भारत के कुछ राज्यों ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन पर ऐतराज किया है। इसलिए सरकार अब ऐसा फॉमूर्ला लाने की कोशिश कर रही है, जिससे सभी राज्यों के हितों का संतुलन बना रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम सोनीपत के आम चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए नियुक्त किए गए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी

**सोनीपत, 16 अप्रैल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि नगर निगम सोनीपत के मेयर व निगम पार्षद चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा ने अधिसूचना जारी की हैं। उन्होंने बताया कि मेयर व निगम पार्षद के लिए 10 मई को सुबह 08 बजे से 06 बजे तक मतदान आयोजित किया जाएगा और 13 मई को मतगणना प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मेयर व निगम पार्षद के लिए उम्मीदवार 21 से 25 अप्रैल तक अपने नामांकन दाखिल करवा सकेंगे।

जिला निर्वाचन आयोग ने नगर निगम सोनीपत के आम चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए हरियाणा नगर निगम, निर्वाचन अधिनियम 1994 के नियम 21(3) व (4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मेयर व निगम पार्षद चुनाव के लिए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। उन्होंने संशोधित आदेश जारी करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा को मेयर तथा एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र को पार्षद चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

नगर निगम मेयर चुनाव के लिए भगत फूल सिंह मेडिकल कॉलेज खानपुर के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासक) सुरेन्द्र सिंह को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निगम मेयर के लिए उम्मीदवार अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल करवा सकेंगे। इसी प्रकार वार्ड 01 से 07 तक निगम पार्षद का चुनाव लडने वाले उम्मीदवार न्यायालय जिला राजस्व अधिकारी सोनीपत, वार्ड 08 से 14 तक न्यायालय उप-मंड़ल अधिकारी (ना.) सोनीपत, व वार्ड 15 से 22 तक बीडीपीओ सोनीपत कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दर्ज करवा सकेंगे।

वार्ड 01 से 07 के निगम पार्षद चुनाव के लिए शुगर मील सोनीपत की एमडी डॉ० अनमोल को सहायक रिटर्निंग अधिकारी 1 व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी मनीष मलिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी 2, वार्ड 08 से 14 के लिए एसडीएम खरखौदा अमित को सहायक रिटर्निंग अधिकारी 1 व नायब तहसीलदार राई अभिनव को सहायक रिटर्निंग अधिकारी 2, वार्ड 15 से 22 के लिए शुगर मील गोहाना की एमडी अंकिता वर्मा का सहायक रिटर्निंग अधिकारी 1 व खण्ड़ विकास एवं पंचायत अधिकारी, गन्नौर राजेश टिवाना को सहायक रिटर्निंग अधिकारी 2 नियुक्त किया गया है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

करनाल। सीआईए 2 टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित मामले में प्रदीप पुत्र सुभाष निवासी बाल्मीकि बस्ती निसिंग को आवर्धन नहर से काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल .315 बोर बरामद की गई है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी शौकिया तौर पर पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से खरीदकर लाया था। पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान संदेह के आधार पर आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से उक्त अवैध हथियार बरामद किए गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध थाना निसिंग में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी से गहन पूछताछ कर अवैध हथियार के इस नेटवर्क से संबंधित सहयोगियों के संबंध में गहन पूछताछ के लिए अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### विश्व हिमोफिलिया दिवस पर हुआ कैंप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम योजना के अन्तर्गत ग्राम कालरो में विश्व हिमोफिलिया दिवस के अवसर पर कैंप का आयोजन पंचायत भवन में किया गया, जिसमें डॉ. धर्मवीर सिंह आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी तथा डा. शीतल ने हिमोफिलिया रोग की जानकारी तथा रोगियों की निशुल्क जांच की।

# युक्त धारा के उपयोग से काम में आएगी पारदर्शिता : डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान

**शुभारंभ**

जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली ग्राम पंचायतों के विकास में एक नई क्रांति लेकर आएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। युक्तधारा प्लेटफॉर्म के माध्यम से योजनाओं की सटीक योजना बनाना, उनकी वास्तविक समय में निगरानी करना और संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित करना संभव होगा। इससे न केवल कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाओं में कमी आएगी। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में तीन दिवसीय वीबी-जी राम जी के अंतर्गत युक्त धारा द्वारा ग्राम पंचायतों की जीआईएस आधारित निगरानी विषय पर कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम समन्वयक संस्थान के संकाय सदस्य डॉ. कमलदीप सांगवान ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों के कार्यों में आधुनिक तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता और प्रभावशीलता लाना है।

निदेशक डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जीआईएस आधारित निगरानी से ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, सटीकता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, यही डिजिटल ग्रामीण विकास की दिशा है। उन्होंने कहा कि जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में एक नई क्रांति लेकर आएगी।

डॉ. चौहान ने कहा कि प्रतिभागियों को जीआईएस तकनीक और युक्तधारा के व्यावहारिक उपयोग में दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने.अपने क्षेत्रों में योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही योजना निर्माण, संसाधनों का संतुलित उपयोग और कार्यों की निरंतर निगरानी ही विकास को गति देती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं और उन्हें नवीन तकनीकों के प्रति जागरूक बनाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वे एनआईआरडीपीआर हैदराबाद के हृदय से आभारी हैं कि उन्होंने इस देशव्यापी अभियान के लिए हरियाणा को पहला राज्य चुना।

## जिला में हुई 86 पैक्स कंप्यूटरीकृत : राहुल रईया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिला की प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) के कंप्यूटरीकरण को लेकर एक बैठक जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त डा. राहुल रईया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जिला में 98 पैक्स हैं, जिनमें से प्रथम चरण में 86 को ई-पैक्स में परिवर्तित किया जा चुका है। इनमें से 45 पैक्स में अब आय-व्यय के ब्यौरे का विवरण प्रतिदिन दर्ज कर उसका मिलान भी साथ-साथ किया जाता है। बाकी 12 के लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया है।

बैठक में अतिरिक्ति उपायुक्त ने अगले 15 दिनों में बाकी पैक्स में भी डायनेमिक डे-एंड सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इस बारे में पैक्स को सभी आवश्यक प्रशिक्षण व मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में एडीसी ने स्टाफ की स्थिति, पदोन्नति प्रक्रिया, कंप्यूटर आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करने, पैक्स की आर्थिक स्थिति आदि में बारे में भी जानकारी ली।

### पंचायती भूमि से पेड़ काटने के आरोप में मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : ग्राम पंचायत घिलौर की पंचायती भूमि से अवैध रूप से पेड़ काटने के मामले में रादौर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिमरन ने बताया कि गांव घिलौर के खसरा नंबर 123 की पंचायती भूमि पर महेंद्र सिंह द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि 7 अप्रैल को उसकी पत्नी प्रकाशो देवी और ठेकेदार सतीश कुमार ने उक्त भूमि पर खड़े चार पेड़ों को काटकर बेच दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## उपायुक्त ने गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया की ली समीक्षा बैठक

**समीक्षा**

उपायुक्त ने कहा कि किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने में असुविधा नहीं होनी चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी एसडीएम और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित एसडीएम को मंडियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

उपायुक्त ने कहा कि किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खरीदी गई फसल का मंडियों से समय पर उठान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर किसानों के बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि खरीद और उठान की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें, ताकि मंडियों में सुचारू व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर एडीसी डॉ राहुल रईया, एसडीएम करनाल देवेंद्र शर्मा व वीसी के माध्यम से सभी संबंधित एसडीएम, डीएफएससी व खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थिति में व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। शहर के बसंत विहार क्षेत्र में बीती देर रात एक व्यक्ति का शव शराब के ठेके के सामने पड़ा मिला। घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों में हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

मृतक की पहचान 40 वर्षीय सतीश कुमार के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और दिहाड़ी मजदूरी कर अपना गुजारा करता था। सतीश कुमार बसंत विहार में किराए के मकान में अकेला रहता था। बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी था और अक्सर ठेके के आसपास देखा जाता था। पुलिस को शव के पास से एक मोबाइल फोन मिला, जिसमें सेव नंबरों के आधार पर संपर्क किया गया। इसके बाद ही मृतक की पहचान हो सकी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। इसके बाद शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी हाउस में रखवाया गया।पुलिस के अनुसार आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सदर थाना के थाना प्रभारी तरसेम चंद ने बताया कि फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

## गांव चलो-बस्ती चलो जन सेवाओं का महत्वपूर्ण अभियान : डा. अशोक कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत नगर निगम के वार्ड 12 के चार चमन इलाके एवं बूथ नंबर 33, 34, 35 में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कर्ण मंडल उपाध्यक्ष आकाश अरोड़ा एवं शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर मुख्य तौर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं शक्ति केंद्र पालक डा.अशोक कुमार के अलावा शक्ति केंद्र सह प्रमुख नंद लाल, बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर, ओम प्रकाश, रविन्द्र कश्यप, अशोक कुमार वर्मा एवं अनिल पाहवा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, बुनियादी सुविधाओं एवं अन्य आवश्यकताओं को क्षेत्र के घर-घर तक पहुंचाने हेतु विचार-विमर्श कर समीक्षा की गई। बैठक में उत्साह से भरपूर समर्पित कार्यकताओं ने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा का संकल्प लिया। बैठक में गांव चलो बस्ती चलो कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति केंद्र में होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए ड्यूटियां निर्धारित की गई।

जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाया जा रहा गांव चलो-बस्ती चलो अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क और जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसका उद्देश्य गांव-गांव और बस्ती-बस्ती तक पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस अभियान में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। प्रत्येक मंडल, बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं की टीम बनाकर घर-घर संपर्क किया जा रहा है। कार्यकर्ता जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत करा रहे हैं और उनके सुझाव भी प्राप्त कर रहे हैं।

## आगामी एक मई से तीस मई तक मकानों का सूचीकरण एवं गणना की जाएगी: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 16 अप्रैल।** नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने हरियाणा राज्य में स्व-गणना अभियान के शुरू होने के पहले ही दिन पोर्टल के माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करके सभी से दिनांक 16 से 30 अप्रैल के बीच अपनी जानकारी दर्ज करने की अपील की। राजीव जैन ने कहा कि आपकी सहभागिता राज्य की बेहतर योजना निर्माण, सेवा वितरण में सुधार तथा समग्र विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाएगी। इन आंकड़ों का उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक कहीं से भी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा हरियाणा के सभी जिलों में उपलब्ध है, मोबाइल फोन, टेबलेट एवं कंप्यूटर के माध्यम से उपयोग, एक यूनिक आई डी प्रदान की जाएगी। प्रगणक केवल जानकारी का सत्यापन करेंगे।

राजीव जैन ने बताया कि आगामी एक मई से तीस मई तक मकानों का सूचीकरण एवं गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 वर्षों के बाद दोबारा जनगणना हो रही है इसी के आधार पर लोकसभा, विधानसभा सीटों का परिसीमन होगा तथा स्थानीय निकायों में वार्डों की संख्या तय होनी है।

### 2 किलो 80 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।**

सीआईए-2 की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी चुना कुमार झा पुत्र पशुपति नाथ झा, निवासी राहटमीना, हलदरहाट, जिला बिहार, को तरावड़ी करनाल से काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 80 ग्राम गांजा फूल पत्ती नशीला पदार्थ बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में टीम ने थाना राम नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र प्रमोद वासी गुरुनानकपुरा कॉलोनी, पिंगली चौक करनाल तथा हिमांशु पुत्र ईश्वर चंद वासी गुरुनानकपुरा कॉलोनी, पिंगली चौक करनाल के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज ने बताया कि टीम द्वारा गश्त के दौरान दोनों आरोपियों को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 5 किलो 64 ग्राम गांजा फूल-पत्ती तथा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जल्दी अमीर बनने और अपने शौक पूरे करने के लिए गांजा बेचने का कार्य करते थे, जिनके खिलाफ एनडीपीएस की संबंधित धाराओं के तहत थाना राम नगर, जिला करनाल में दर्ज किया गया। टीम द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया, जहां से उनका दो दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया गया।

रिमांड के दौरान आरोपियांन से गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि इस मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों व सप्लाई चैन का खुलासा किया जा सके। जिला पुलिस आमजन से अपील करती है कि नशा तस्करी जैसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## स्वच्छता को लेकर वार्ड कमेटियां प्रशासन और जनता के बीच की मजबूत कड़ी : मुख्यमंत्री नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है और इसे जन आंदोलन बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के माध्यम से हाल ही में प्रदेश में स्थापित नगर निगम, नगर परिषद व नगरपालिका में वार्ड वाईज करीब 1520 कमेटियों का गठन किया जा चुका है, शेष स्थानीय निकायों के वार्डों में भी गठन हो जाएगा। उन्होंने वार्ड वाईज गठित समिति के सदस्यों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ें और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों को स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषय की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई है। सभी सदस्य अपनी.अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं, इससे जहां क्षेत्र स्वच्छ बनेगा, वहीं सदस्यों को भी एक अलग पहचान भी मिलेगी और सम्मान हासिल होगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 1 मई से आगामी 15 मई तक विशेष स्वच्छता अभियान शहरी स्थानीय निकायों के माध्यम से चलाया जाएगा, इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को चंडीगढ़ से वर्चुअल तौर पर जुडकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकाओं में वार्ड वाईज गठित कमेटी के सदस्यों, नगर निगम महापौरों, नगर परिषद व नगर पालिका के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष व नगर पार्षदों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक ऐसा विषय है, अगर उस पर पूर्ण रूप से ध्यान न दिया जाए तो उसका सबसे ज्यादा प्रभाव समाज पर दिखाई देता है। इसलिए सभी कमेटी सदस्य मेरा वार्ड स्वच्छ वार्ड बनाने के लिए मेहनत करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड वाईज कमेटियां प्रशासन और जनता के बीच में एक मजबूत सेतु का काम करें। अगर जनता की कोई शिकायत स्वच्छता को लेकर समिति के सदस्यों की ओर से जिला अधिकारियों के पास पहुंचती है, तो उसका प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जाए।

इसके अलावा राज्य स्तर पर भी शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाए तथा समिति की ओर से वार्ड वाईज आए सुझाव पर गंभीरता से विचार करें और सरकार के संज्ञान में लाया जाए, ताकि लोगों की मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्ड वाईज समिति के अध्यक्ष के रूप में वार्ड का नगर पार्षद कार्य करेगा और संबंधित शहरी स्थानीय निकाय का अधिकारी-कर्मचारी सचिव के रूप में समिति के सदस्यों का सहयोग करेगा।

उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य लोगों में जागृति लाएं कि वे कूड़े-कचरे को इधर-उधर न फैंकें, बल्कि डोर टू डोर कलेक्शन करने वाली गाड़ी में ही कचरा डाला जाए। इसके अलावा सूखे व गीले कचरे को भी अलग-अलग डस्टबिनों में डालने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाए। इससे आम जनता की सोच में बदलाव आएगा।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कूड़े-कचरे के निपटान के लिए जिन एजेंसियों के पास टेंडर हैं, वे उनके वाहनों, कर्मचारियों की संख्या की उपलब्धता पर भी नजर रखें। अगर कहीं पर भी लापरवाही नजर आती है तो उनके खिलाफ जुमार्ना व प्रशासनिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि कमेटी के सदस्य स्वच्छता के साथ-साथ आम जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में भी मदद करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन का उद्देश्य लोगों की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के निर्णय में आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। वार्ड कमेटी के सदस्यों की क्षेत्र में कार्यान्वित की जाने वाली योजनाओं और विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार करना और उनकी प्राथमिकता निर्धारित करना है, वार्ड में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सहायता प्रदान करना और स्वच्छता कार्यों का पर्यवेक्षण करना, वार्ड में विभिन्न समूहों के लोगों के बीच सद्भाव और एकता को प्रोत्साहित करना, विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु लाभार्थियों की पहचान के लिए सहायता प्रदान करना, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों तथा खेलकूद को प्रोत्साहित करना, नगर निगम को देय करों, शुल्कों और अन्य राशियों की समय पर वसूली में सहायता करना और सभी राजस्व स्त्रोतों की इष्टतम वसूली सुनिश्चित करना, पार्कों, खेल के मैदानों, सडकों और स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव को सुनिश्चित करना प्राथमिकता में शामिल है।

## न्यूज फ्लैश

### दलबीर सिंह ने संभाला केयू के गणित विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ के आदेशानुसार गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर श्री दलबीर सिंह ने गुरुवार को गणित विभाग के अध्यक्ष पद का कार्यभार विधिवत रूप से संभाला। यह जानकारी लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही श्री दलबीर सिंह एकेडमिक काउंसिल तथा फैकल्टी ऑफ साइंसेज के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री दलबीर सिंह ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे गणित विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अनुपम खन्ना, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. विकास पोपली, श्रीमती सुमित्रा देवी सहित विभाग के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### गांव सिंबलगढ़ व आसपास के गांवों में अवैध खनन, पंचायत मंत्री से की शिकायत



**समालखा (संजय नरवाल)** आज पंचायत एवं खनन मंत्री श्री कृष्ण लाल पवार जी को गांव राक्सेडा मे,रेत परिवहन की आड़ लेकर, यमुना नदी में चल रहे अवैध रेत के खनन को रोकने के लिए ,कई गांव के ग्रामीण ,ग्राम सिंबलगढ़ सरपंच श्री सतीश कुमार जी के नेतृत्व में खनन मंत्री श्री कृष्ण लाल पवार जी के समक्ष यमुना नदी में चल रही , अवैध रेत की खान को रोकने की अपील की और कहा कि अगर यह रेत की खान नहीं रुकेगी, तो कई गांव के जमीदारों की जमीन, गांव हथवाला, गांव कारकोलीगढ़, गांव रक्सेड़ा, गांव सिंबलगढ़ गांव बुधनपुर ,आदि गांव के किसानों की जमीन यमुना नदी में कट जाएगी और किसानों को सड़क पर आने पर मजबूर हो जाएगा।

# अजमत अली ने चार बच्चों को पाकिस्तान से भारत वापस लाने में मदद की लगाई गुहार

## अजमत अली की पत्नी नाहिद 2017 में चारो बच्चों को लेकर चली गई थी पाकिस्तान

**मदद की गुहार**

पत्नी में हमारे चार बच्चों को साथ लेकर वहां पर परिवार वाले से मिलने का नाम लेकर पाकिस्तान चली गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 15 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** यूपी के मुरादाबाद के व्यक्ति अजमत अली ने बुधवार को यहां एडवोकेट मोमिन मलिक के चैंबर में पत्रकार वार्ता में बताया कि उसकी पत्नी वर्ष 2017 में हमारे चार बच्चों को साथ लेकर वहां पर परिवार वाले से मिलने का नाम लेकर पाकिस्तान चली गई। वह अब अपने चारो बच्चों को वापस लाने को लेकर भटक रहा है और उसने इसके लिये भारत सरकार, पाकिस्तान सरकार व मानवाधिकार आयोग को गुहार लगाई है। वहीं अजमत अली ने यहां पर एडवोकेट मोमिन मलिक से मिलकर उसके चार बच्चों को वापस भारत लाने के लिये मदद करने की अपील की है।

इस मौके पर एडवोकेट मोमिन मलिक ने बताया कि करीब 30 साल पहले अजमत अली अपनी रिश्तेदारी में पाकिस्तान गया था और वहां पर इसकी शादी नाहिद से कर दी गई। अजमत अपनी पत्नी नाहिद को लेकर मुरादाबाद आ गया और मुरादाबाद में ही रह रहा था। अजमत अली व नाहिद के चार बच्चे हुए पर इसकी पत्नी चारो बच्चों को लेकर 2017 में पाकिस्तान चली गई।

चारो बच्चों के भारतीय पासपोर्ट थे और पाकिस्तान एंबेसी से वीजा लेकर गये थे। अजमत अली अपने चारो बच्चों को लेने के लिये पाक एंबेसी से वर्ष 2022 में तीन माह का वीजा लेकर पाकिस्तान गया था पर इसको इसके बच्चों से नहीं मिलने दिया गया। इसने तीन माह का वीजा बढाने का वहां पर आवदेन दिया पर वीजा बढाया नहीं गया।

इसको वहां पर गिरफ्तार कर लिया और करीब 17 माह लाहौर जेल में रहा और फिर उसके बाद भारत डिपोर्ट कर दिया गया। इस मौके पर अजमत अली ने बताया कि उसकी भारत सरकार से मांग है कि उसके चारों बच्चों को पाकिस्तान से वास भारत लेकर आने में उसकी मदद की जाये। अजमत ने कहा कि उसकी पत्नी नाहिद ने वहां पर तलाक होने की बात कही थी पर हमारा तलाक नहीं हुआ है। अजमत की मांग है कि उसकी पत्नी बेशक पाकिस्तान में ही रहे पर मेरे चारो बच्चों को भारत लाने में मदद की जाये।

वहीं मोमिन मलिक एडवोकेट ने कहा कि वह अजमत अली के चारो बच्चों को कानूनी तरीके से पाकिस्तान से वापस भारत लाने का पूरा प्रयास करेगे और इसके लिये अजमत अली की एक वकील के रूप मे पैरवी करेंगे।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल का रहा शानदार परीक्षा परिणाम



**समालखा (संजय नरवाल)** हिमगिरी पब्लिक स्कूल समालखा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कुल 63 विद्यार्थियों में से 62 विद्यार्थी सफल रहे, जिससे विद्यालय का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विशेष रूप से 21 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।प्रथम स्थान पर आदर्श झा ने 94.4% अंक प्राप्त किए।द्वितीय स्थान पर नैंसी ने 91.4% अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर लक्ष्य ने 90.2% अंक प्राप्त कर अपना स्थान बनाया।नैतिक, दीपिका, अदिति, मानसी, मानसी कंडेरा, सूर्यांश, ऋषि राज, अर्पिता, लवली, साक्षी, वीना, चाहत, इशिका, अनीता, तनिश, स्नेह लता, निखिल गुप्ता इन सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, चेयरमैन राजबीर राठी (सेवानिवृत्त उप जिला शिक्षा अधिकारी), प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप-प्रधानाचार्या रितु लठवाल, प्रशासनिक अधिकारी रामनिवास, ज्योति कोचर, शालू कालडा,किरण समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही टॉपर्स के अभिभावक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। यह दृश्य आपसी प्रेम, सहयोग और सफलता के उत्सव का प्रतीक रहा, जिसने सभी को आगे बढ़ने और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया गया। इसी के साथ चेयरमैन राजबीर जी ने अपने भाषण के दौरान कहा कि इस सत्र से संघ लोक सेवा आयोग जैसी ऊँच नौकरियों की तैयारी शुरू करवा दी गई है इस खबर को सुनकर बच्चों अभिभावकों और अध्यापकों में खुशी की लहर दौड़ उठी।

## सीबीएसई 10वीं में जनता पब्लिक स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : जनता पब्लिक स्कूल अलाहर ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शास्त्री, प्रबंध निदेशक रूबी कम्बोज व प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज ने इस सफलता पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई।

# इंद्री अनाज मंडी में ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल खत्म, सर्वसम्मति से सुलझा विवाद



**इंद्री 16 अप्रैल (मैनपाल कश्यप )** इंद्री की अनाज मंडी में गेहूं उठान को लेकर बुधवार शाम प्रशासन और ट्रांसपोर्टरों के बीच उत्पन्न हुआ विवाद गुरुवार को आपसी सहमति से सुलझ गया। विवाद के चलते ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल कर दी थी, जिससे मंडी में गेहूं उठान का कार्य प्रभावित हो गया था। हालांकि प्रशासन और ट्रांसपोर्ट यूनियन के बीच हुई बैठक के बाद अब मंडी में गेहूं उठान का कार्य फिर से सुचारु रूप से शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम मंडी में गेहूं उठान के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था नहीं होने पर ट्रांसपोर्टरों और एसडीएम इंद्री के बीच कहासुनी हो गई थी। मामला बढ़ने पर ट्रांसपोर्ट मालिकों ने काम बंद कर हड़ताल का ऐलान कर दिया, जिससे मंडी में गेहूं की लिफ्टिंग रुक गई और किसानों व आढ़तियों की चिंता बढ़ गई। गुरुवार को एसडीएम रमन गुप्ता, डीएसपी सतीश गौतम, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और आढ़ती प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई, जिसमें सभी पक्षों ने मिलकर विवाद का समाधान निकाल लिया। कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुमेर चंद कंबोज ने बताया कि मंडी में गाड़ियों की संख्या को लेकर गलतफहमी पैदा हुई थी। ट्रांसपोर्टरों का कहना था कि मंडी में 70 गाड़ियों की जरूरत है, जबकि मौके पर केवल 45 से 50 गाड़ियां ही गेहूं उठान में लगी थीं। बातचीत के बाद स्थिति स्पष्ट हुई और मामला शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रधान अशोक खुराना ने बताया कि प्रशासन और ठेकेदार के बीच कुछ मतभेद थे, जिन्हें सर्वसम्मति से दूर कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के नए नियमों के चलते शुरूआत में कुछ दिक्कतें आई थीं, लेकिन अब मंडी में गेहूं उठान पूरी तरह सामान्य हो गया है। विवाद सुलझने के बाद मंडी में किसानों और व्यापारियों ने राहत महसूस की है और प्रशासन ने भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बनने का भरोसा दिया है। डीएसपी सतीश गौतम ने सभी ट्रांसपोर्टरों के बीच में बैठक सर्वसमति से मामले को शांत करवा दिया गया है मंडी में सभी ट्रांसपोर्ट अपने कार्य पर पर लोट गए और उन्हें अपना काम शुरू कर दिया है।

# सर्व समाज सभा की बैठक में बरसाती नालों व सीवरेज की सफाई की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया,16 अप्रैल** : सर्व समाज सभा रतिया की विशेष बैठक बाबा नामदेव धर्मशाला में प्रधान सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव डॉ नैब सिंह मंडेर ने स्वागत करते हुए बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। प्रेस सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सभा की बैठक में मुख्य रूप से बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सीवरेज एवं बरसाती नालो की सफाई करवाए जाने की मांग की गई और इस संबंध में सर्व समाज सभा का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही एस डी एम से मिलकर बरसाती जल की निकासी बारे मांग करेगा। बैठक में प्रस्तुत मांग कि शहर के विभिन्न वार्डो में अलग अलग मौहलों के नाम पर चर्चा करते हुए सभा सदस्यों ने बैठक में मुद्दा उठाया कि व्यक्ति जिस क्षेत्र में रहता है उसी क्षेत्र की लोकेशन आनलाइन सिस्टम में दिखनी चाहिए और काफी लंबे समय से हम देखते आ रहे कि जिस क्षेत्र में हम रहते ही नही मुहल्ला लोकेशन किसी और जगह की उठाई जा रही है। सभा सदस्यों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सुधार करवाया जाए ताकि किसी भी कार्य में मकान, घर आदि की लोकेशन उठानी हो तो कोई समस्या न आए। इस मौके पर महासचिव डा नैब सिंह मंडेर,उपाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर, कोषाध्यक्ष शेर सिंह भुल्लर, बलिंद्र शर्मा, सहसचिव रणधीर सिंह मोलिया, डॉ सुनील इंदौरा, राजेंद्र मोंगा, धर्मपाल शर्मा,विनोद जिंदल,हरप्रीत सिंह भुल्लर सहित मौजूद रहे।

**मांग**

सभा सदस्यों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सुधार करवाया जाए

# उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया की ली समीक्षा



**इंद्री 16 अप्रैल(मैनपाल कश्यप )** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी एसडीएम और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित एसडीएम को मंडियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खरीदी गई फसल का मंडियों से समय पर उठान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर किसानों के बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खरीद और उठान की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें ताकि मंडियों में सुचारू व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर एडीसी डॉ राहुल रईया, एसडीएम करनाल देवेंद्र शर्मा व वीसी के माध्यम से सभी संबंधित एसडीएम, डीएफएससी व खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पंचायती भूमि से पेड़ काटने के आरोप में मामला दर्ज

**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : ग्राम पंचायत घिलौर की पंचायती भूमि से अवैध रूप से पेड़ काटने के मामले में रादौर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिमरन ने बताया कि गांव घिलौर के खसरा नंबर 123 की पंचायती भूमि पर महेंद्र सिंह द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि 7 अप्रैल को उसकी पत्नी प्रकाशो देवी और ठेकेदार सतीश कुमार ने उक्त भूमि पर खड़े चार पेड़ों को काटकर बेच दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कृतीका मिगलानी ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ सेंट थोमस कानवेंट स्कूल में किया टॉप



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : सेंट थोमस कानवेंट स्कूल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों का सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया है। छात्रा कृतीका मिगलानी ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। इस परिणाम पर प्रबंधक कमेटी एमडी अंजली, डिप्टी एमडी कार्तिके व प्राचार्या रजनी ने 10वीं के बेहतर परिणाम आने पर विद्यार्थियों और स्टाफ को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि 10वीं कक्षा में 55 विद्यार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा में हिस्सा लिया था। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा कृतीका मिगलानी ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम, जसमीन ने 94.4 अंकों के साथ दूसरे और अरव सैनी ने 90.6 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

उन्होंने कहा कि स्कूल स्टाफ की लगन और बच्चों के सहयोग से कड़ी मेहनत की है। जिसके बदोलत स्कूल ने बेहतर परिणाम हासिल किए हैं। इससे पहले भी स्कूल का परिणाम बेहतर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वो आगे भी लगन और मेहनत से पढ़ाई करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें। विद्यार्थी की सफलता से माता-पिता, शिक्षक और स्कूल का नाम रोशन होता है।

## लाइक पब्लिक स्कूल में रितिका व प्रतीक बने टॉपर

**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेरिट सूची में रितिका और प्रतीक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। विषयवार परिणाम में अंग्रेजी में प्रतीक ने 95 व रितिका ने 93 अंक, हिंदी में रितिका ने 93 अंक, जबकि सामाजिक विज्ञान में रितिका ने 96 व प्रतीक ने 94 अंक हासिल किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या नेहा देवी व विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 10वीं के परीक्षा परिणाम में ग्लोब हेरिटेज स्कूल के 14 छात्रों ने बनाई मेरिट



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 10वीं (सीबीएसई) का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला के अनुसार 28 में से 14 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।\

निखिल पाल ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अंशिका ने 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय, भाविका ने 93 प्रतिशत के साथ तृतीय और रिजुल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

अन्य कई विद्यार्थियों ने भी मेरिट में स्थान हासिल किया। विषयवार परिणाम में अंग्रेजी व हिंदी सहित अन्य विषयों में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रिया 99 फीसदी अंक लेकर बनी ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टॉपर



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम आशा के अनुरूप आने पर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए। छात्रा प्रिया ने 99 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं छात्र गर्वित ने 98.4 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा व छात्रा हर्षिता ने 97 फीसदी अंक के साथ स्कूल में तीसरा स्थान पाया। साथ ही किरन ने 96 फीसदी अंक लेकर चौथा, अनीश ने 95.8 फीसदी अंक के साथ पांचवां और अभय ने 95.6 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में छठा स्थान हासिल किया। इसके अलावा रिशु ने 94.2 फीसदी, सेजल ने 93.8 फीसदी, नेहल ने 93.6 फीसदी, हर्षिल ने 92.4 फीसदी, पूर्ति ने 92.2 फीसदी, श्रव्या वाही ने 92 फीसदी, मंदीप ने 91.8 फीसदी व प्रिया सांगवान ने 90.6 फीसदी अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शानदार परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सुधीर जैन ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्राचार्या व टीचिंग स्टाफ को दिया, जिनकी देख-रेख में छात्र- छात्राओं ने यह सफलता हासिल किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि स्कूल टॉपर प्रिया ने आईटी में 100, गणित में 99, सोशल साइंस में 99, अंग्रेजी में 99, साइंस में 98 व हिंदी में 97 अंक हासिल किए। द्वितीय टॉपर गर्वित ने सोशल साइंस में 100 अंक व तृतीय टॉपर हर्षिता ने आईटी में 100 अंक हासिल कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया ।

# रौनक पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम, विहान जैन 99.2 प्रतिशत अंक के साथ सबडिवीजन टॉपर

**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

वहीं लगभग 20 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र विहान जैन ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गन्नौर सबडिवीजन में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों में खुशी का माहौल है।
प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी शर्मा नेबताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, वहीं लगभग 20 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विहान जैन के अलावा प्रियांश ने 97.4 प्रतिशत, मिताली और प्रणव कुमार ने 96.8 प्रतिशत, निरया ने 96.6 प्रतिशत, नम्या ने 96.4 प्रतिशत और निष्ठा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विहान जैन की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## बीआर ग्लोबल विद्यालय का दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत, स्नेहा ने 98.2 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप

**शानदार प्रदर्शन**

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार करीब 20 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए,



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उप-प्रधानाचार्या मंजू सहरावत ने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा स्नेहा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मयंक ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा मानवी ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पलक (96%), दक्ष (95.6%), कशिश (95.4%), ख्याति (93.8%), छवि (93.8%), विनीत (93.4%), कुआन (93%), आयुष (91.8%) और तनिष्का (90.8%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार करीब 20 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 60 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए।

**न्यूज फ्लैश**

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में नाबालिग अभिरक्षा में

**गन्नौर।** गांव गुमड में घर में घुसकर मारपीट और देसी कट्टा दिखाकर धमकाने के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपित को स्वजन की मौजूदगी में हिरासत में ले कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बोस्टल अंबाला भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार जसमेर निवासी गुमड ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे की गांव के धर्मा व एक अन्य युवक से कहासुनी हुई थी। रंजिश के चलते 13 अप्रैल की रात तीन युवक उसके घर में घुस आए और लकड़ी के बिट्टों से मारपीट की। एक युवक ने देसी कट्टा दिखाकर परिवार को धमकाया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को काबू कर लिया, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

### गेहूं उठान में तेजी लाने को हैफेड के जीएम प्रोक्योरमेंट ने अधिकारियों के साथ नई अनाज मंडी का किया निरीक्षण



**गन्नौर।** नई अनाज मंडी में गेहूं की फसल के उठान में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार सुबह संबंधित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान हैफेड के जीएम प्रोक्योरमेंट नितिन कुमार, उमाकांत शर्मा, मंडी प्रधान सुरेंद्र गोयल तथा मार्केट कमेटी के सचिव शिव कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंडी में पहुंच रही गेहूं की फसल, उसकी खरीद प्रक्रिया और उठान की गति का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है, ऐसे में उठान प्रक्रिया में तेजी लाना बेहद आवश्यक है। वहीं मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और गेहूं की खरीद व उठान प्रक्रिया का संचालन किया जा रहा है। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना और समय पर उठान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। संबंधित एजेंसियों लगातार निगरानी कर रही है।

### अनाज मंडी से गेहूं के उठान में किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने पर होगी कार्रवाई : मेहता

**लाडवा 16 अप्रैल (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि अनाज मंडी से गेहूं के उठान में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें और पूरी प्रक्रिया तेज गति से संचालित की जाए। खरीद कार्य में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। फसल खरीद कार्यों से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी अनाज मंडी में अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर नियमित रूप से उपस्थित रहें। खरीद सीजन के दौरान सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसडीएम अनुभव मेहता वीरवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त भी मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम ने खरीद एजेंसी, उठान एजेंसी, आढ़ती, व्यापारी और अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि किसी भी किसान को गेहूं मंडी में लाए जाने के बाद यदि गेट पास, बायोमेट्रिक, बारदाना सहित किसी भी तरह की समस्या आती है तो उनकी समस्या को ध्यान से सुनते हुए उसका तत्काल समाधान करें।

## जेपी डीएवी स्कूल का शानदार परिणाम, दीपिका ने 97% के साथ किया टॉप



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में जेपी डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। परिणाम में दीपिका ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।
वहीं अंशिका ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कुशांक ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। तीनों मेधावी छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के कुल परिणाम पर नजर डालें तो 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 50 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

## फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुशाल निवासी गांव गुमड के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल को एक महिला ने शिकायत दी थी कि 13 अप्रैल की रात उसके पति जसमेर का गांव के ही युवक से झगड़ा हुआ था। अगले दिन दोपहर करीब तीन बजे आरोपित उसके घर पहुंचे और पति व बेटे के बारे में पूछताछ करते हुए गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान एक आरोपित ने अपने साथी को गोली मारने के लिए उकसाया, जिस पर दूसरे ने पिस्तौल से फायर कर दिया। महिला ने दरवाजा बंद कर जान बचाई और गोली दरवाजे में लगी। पुलिस ने पहले एक आरोपित को काबू किया था, जबकि अब दूसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आन्या सहारण ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में हासिल किया प्रथम स्थान

**पंचकुला मैनपाल** :सीबीएसई कक्षा 10 के वर्ष 2026 के परिणामों में पंचकूला स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। इस वर्ष का परिणाम केवल अंकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम बनकर सामने आया। विद्यालय की छात्रा आन्या सहारण ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनके बाद कार्तिक शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संचया राठी और आहाना कासवान ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि अवनूर और श्रेया ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के परिणामों में समग्र रूप से भी प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। कुल 69 विषयों में पूर्ण अंक प्राप्त हुए, जो छात्रों की सटीकता और विषयों पर पकड़ को दर्शाते हैं। वहीं, 57 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 134 छात्र 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने में सफल रहे।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता सुनियोजित शिक्षण पद्धति, नियमित मूल्यांकन और विद्यार्थियों की जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने का परिणाम है।

## सीजेएम ने किया नारी निकेतन व श्रद्धानंद बाल आश्रम का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने नारी निकेतन व श्रद्धानंद बाल आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने उपस्थित महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता बारे जागरूक किया और वहां रह रहे बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर सुपरिंटेंडेंट संध्या भी उपस्थित रही।
इसके पश्चात सीजेएम डा. इरम हसन दयाल सिंह कॉलेज पहुंची, जहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य आषिमा व स्टाफ ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित विद्यार्थियों से बातचीत की और उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया।

## फाइनेंसर की पीट-पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव गुढ़ा निवासी एक फाइनेंसर को बुधवार को कुछ युवकों ने किडनैप कर मारपीट की। इसमें गुढ़ा निवासी दिनेश शर्मा (33) की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने पहले घर पर फोन कर दिनेश पर उनकी पत्नी के साथ बातचीत का आरोप लगाया और मारपीट करने की धमकी दी। मृतक की बहन नीतू ने बताया कि दिनेश महेंद्रगढ़ स्थित एक गोल्ड लोन ब्रांच में काम करता था। 15 अप्रैल को शाम 4 बजे उनके पास दिनेश के फोन से फोन आया। इसमें आरोपी ने कहा कि दिनेश उनकी पत्नी से बात करता है।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल का शानदार परिणाम, शत प्रतिशत सफलता

**नाम रोशन**

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल का नाम रोशन किया है।




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की । स्कूल के निदेशक अजय यादव ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि मननत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। दीपाली ने द्वितीय स्थान हासिल किया, शिवेश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।
विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। यादव ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## झुग्गियां हटाने पहुंची टीम का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के सेक्टर-32 में झुग्गियां हटाने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची तो वहां रहने वाले लोगों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया।
अचानक कार्रवाई से घबराए लोगों ने हंगामा करते हुए सवाल उठाए कि बिना पूर्व सूचना उनके आशियाने क्यों तोड़े जा रहे हैं। स्थिति बिगड़ती देख अधिकारियों ने फिलहाल कार्रवाई रोकते हुए 15 दिन का समय देकर टीम को वापस बुला लिया।
चंदन लाल, मुकेश कुमार, पंकज, संजीव, राजेश, काजल व झुग्गियों में रहने वाले अन्य लोगों का कहना है कि वे पिछले 30-35 वर्षों से यहां रह रहे हैं। अचानक विभाग के अधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंचे और झुग्गियां खाली करने को कहा। लोगों के अनुसार कुछ झुग्गियां तोड़ भी दी गई, जिसके बाद सभी ने मिलकर विरोध शुरू कर दिया।
स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया। अधिकारियों ने मौके पर कुछ कागजों पर साइन कराने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने साइन करने से मना कर दिया। इसके बावजूद झुग्गियों को तोड? की कार्रवाई शुरू कर दी गई, जिससे लोगों में गुस्सा बढ़ गया। झुग्गीवासियों का कहना है कि उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रहने की है।

## गन्नौर बिल्डर्स के बाहर ग्रीन बेल्ट पर बना अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

**कार्रवाई**

–साथ ही कई प्लॉटों की नींव और चारदीवारी को भी ध्वस्त कर दिया गया।




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर के चिरस्मी मोड़ स्थित ऋषिका वैली के बाहर छोड़ी गई ग्रीन बेल्ट पर किए गए अवैध निर्माण पर गुरुवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों के शटर व छप्पर उखाड़ दिए। साथ ही कई प्लॉटों की नींव और चारदीवारी को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार अमित कुमार के नेतृत्व में डीटीपी अजमेर सिंह की टीम ने दो जेसीबी मशीनों के साथ करीब एक घंटे में पूरी की। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह के विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रॉपर्टी डीलरों ने कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अभियान जारी रखा। जानकारी के अनुसार सोसायटी के निर्माण के समय सर्विस लेन के साथ ग्रीन बेल्ट छोड़ी गई थी, ताकि क्षेत्रवासियों को हरित क्षेत्र और पार्क की सुविधा मिल सके। लेकिन बाद में इस ग्रीन बेल्ट पर अवैध तरीके से निर्माण कर प्रॉपर्टी डीलरों ने अपने कार्यालय खोल लिए। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की शिकायत प्रशासन और विधायक तक पहुंची थी। कार्रवाई की सूचना मिलने पर विधायक देवेंद्र कादियान भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया है कि छोड़ी गई ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से कमर्शियल निर्माण किया गया है। वहीं कुछ लोगों ने दावा किया कि उन्होंने जमीन खरीदकर निर्माण किया है, लेकिन नियमों के तहत यह निर्माण अवैध पाया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद निर्माण नहीं हटाया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अर्बन एरिया में विभाग ने कार्रवाई की है, जबकि कंट्रोल एरिया से जुड़े मामलों को आगे एसएमडीए को भेजा जाएगा।

## शास्वत चेतना स्कूल का दसवीं का परिणाम शानदार, 96 प्रतिशत अंक के साथ सारांश रहा अव्वल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शास्वत चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई का दसवीं बोर्ड परीक्षा (सत्र 2025झ्र26) का परिणाम शानदार रहा।
विद्यालय की निदेशक दर्शन शर्मा, प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्र सारांश ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं लक्ष्य ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। रुच ने 92.4 प्रतिशत, देव सैनी ने 92.2 प्रतिशत तथा देव फौगाट ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया है।
निदेशक दर्शन शर्मा, प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है।
उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### बैसाखी पर नि:शुल्क स्पाइन जांच शिविर, डॉ. जितेन्द्र सिंगला की पहल से 100 मरीजों को मिला लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** बैसाखी के पावन पर्व पर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए गामा स्पाइन एंड स्पोर्ट्स क्लिनिक में नि:शुल्क स्पाइन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का सफल संचालन गामा फिजियोकेयर एवं दर्द निवारण क्लिनिक के प्रमुख डॉ. जितेन्द्र सिंगला के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और मैक्स अस्पताल, द्वारका (नई दिल्ली) का सहयोग रहा।
शिविर के मुख्य संयोजक डॉ. जितेन्द्र सिंगला ने पूरी व्यवस्था का नेतृत्व करते हुए क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ डॉ. पूजा मित्तल, डॉ. विकास मित्तल एवं अल्पना मित्तल ने भी सक्रिय योगदान दिया।
शिविर में मैक्स अस्पताल के प्रसिद्ध स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. तुंगिश बंसल ने मुख्य चिकित्सक के रूप में लगभग 100 मरीजों की गहन जांच कर उन्हें रीढ़ और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं के लिए उचित परामर्श दिया।
डॉ. जितेन्द्र सिंगला ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को रीढ़ की हड्डी के दर्द, स्पोर्ट्स इंजरी और मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और सही परामर्श से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। विशेषज्ञों ने जांच के बाद मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार उपचार, फिजियोथेरेपी एक्सरसाइज और जीवनशैली में सुधार संबंधी जरूरी सुझाव दिए।
डॉ. विकास मित्तल एवं अल्पना मित्तल ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

### एस.एन.डी. पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम, खुशी ने 98.8 प्रतिशत अंक लेकर किया शीर्ष स्थान प्राप्त




**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** पलवल स्थित एस.एन.डी. पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने समग्र और विषयवार दोनों स्तरों पर शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।
समग्र परिणाम में छात्रा खुशी ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रिधिमा और टीशा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंशुल और नक्षिता ने 98 प्रतिशत अंक लेकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
विषयवार परिणाम में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। अंग्रेजी विषय में खुशी और रंजना ने पूर्ण 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। गणित में आयुष, आदित्य शर्मा, खुशी, नक्षिता और रुचि ने 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कंप्यूटर अनुप्रयोग विषय में आदित्य लांबा, आन्या, भावना, महक, नम्रता, रिधिमा, शिवम, नक्षिता और तन्वी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।
हिंदी विषय में तनिषा ने 99 अंक, सामाजिक विज्ञान में खुशी और नक्षिता ने 99 अंक तथा विज्ञान विषय में वैभवी और आदिया शर्मा ने 98 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 89 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विषयवार 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी उल्लेखनीय रही। अंग्रेजी में 83, हिंदी में 111, सामाजिक विज्ञान में 71, गणित में 86, कंप्यूटर अनुप्रयोग में 173 तथा विज्ञान में 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के सचिव रघुराज ने इस शानदार सफलता पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस का बड़ा एक्शन:

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिले की पुनहाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक मोहम्मद इलियास पर पार्टी ने कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल की छात्रा अनुषा शर्मा ने दसवीं में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

**परीक्षा परिणाम**

केसीएम वर्ल्ड स्कूल की हिमांशी ने 98.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** केसीएम वर्ल्ड स्कूल के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा अनुषा शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। हिमांशी ने 98.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि स्वस्ति आर्या, सृष्टि, मोहित तथा लक्षिता ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।
इसी क्रम में अदिति तेवतिया ने 98.2 प्रतिशत, कुनाल गर्ग व हर्षिका ने 98 प्रतिशत, अभिनव व लविश ने 97.8 प्रतिशत, प्रतीक, करण व कृष्णा गोयल ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मनस्वी, गर्विता, दर्पण, ज्योतिका व राशी ने 97.2 प्रतिशत, लावन्य चौधरी व मानवी पवार ने 97 प्रतिशत, लक्ष्य फौजदार ने 96.8 प्रतिशत, पंकज मंगला ने 96.6 प्रतिशत तथा सार्थक ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।
इसके अलावा रिशिका व जिया सेठी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
विद्यालय में इस वर्ष एक विशेष उपलब्धि यह रही कि गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी तथा संगीत (गायन) सहित सभी विषयों में अधिकतम 100 अंक प्राप्त किए गए, जो अब तक का पहला अवसर है।
कुल 92 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया।
विद्यालय के अध्यक्ष डॉ राम नारायण भारद्वाज, निदेशक अनिल भारद्वाज, प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज तथा समन्वयक मंजू कँवर ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बाबा तारा जी कुटिया में होगा दिव्य मंगल पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (शुभम खटक)** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध धार्मिक केंद्र बाबा तारा जी कुटिया (तारकेश्वरम धाम ) में एक बार फिर भव्य एवं दिव्य आयोजन होने जा रहा है। हरियाणा की धरती पर पहली बार दादी रानी सती जी ( झुंझनू वाली ) का मंगल पाठ अनूठे रूप में आयोजित होने जा रहा है। पूर्व मंत्री एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा के मार्गदर्शन में एवं बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक व वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा के संयोजन में यह भव्य आयोजन 20 अप्रैल को होगा। इस मंगल पाठ के दौरान ही दादी रानी सती जी की संपूर्ण जीवनी को नृत्य नाटिका के माध्यम से दशार्या जाएगा। साथ ही कोलकाता से सिरसा पहुंचकर सुप्रसिद्ध भजन गायक सौरभ मधुकर एवं केशव मधुकर दादी रानी सती की महिमा का गुणगान करेंगे। दादी रानी सती के त्याग, तपस्या और सतीत्व को समर्पित जीवन को विहंगम झांकी के जरिए भी प्रदर्शित किया जाएगा।
हो रही बैठक, की जा रही तैयारियां इस आयोजन को लेकर लगातार कुटिया परिसर में बैठकों का दौर चल रहा है। साथ ही तैयारियां भी की जा रही हैं। कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने शहर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आयोजन को लेकर चर्चा की।मंगल पाठ, नृत्य नाटिका और भक्ति के रंग से खिलेगा दरबार गोबिंद कांडा ने बताया कि तारकेश्वरम धाम अनेक भक्ति कार्यक्रमों के आयोजन का साक्षी है।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव ने प्रोटेक्शन होम का किया औचक निरीक्षण

**पंचकूला**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, एडीआर केंद्र, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला अजय कुमार घनघस ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन में कालका स्थित नवविवाहित जोड़ों के लिए स्थापित प्रोटेक्शन होम (सुरक्षा गृह) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोटेक्शन होम के प्रभारी अपने सहायक कर्मचारियों सहित ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। घनघस ने आगंतुक रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया, जिसे उन्होंने पूर्व निरीक्षण के दौरान नियमित रूप से बनाए करने के निर्देश दिए थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रोटेक्शन होम में निवास करने वाले जोड़ों की एंट्री की भी जांच की तथा समुचित प्रबंधन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश से कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर की समीक्षा की।
निरीक्षण के समय प्रोटेक्शन होम में कोई भी जोड़ा निवासरत नहीं पाया गया। तथापि, लाभार्थियों के मध्य विधिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए घनघस ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं से संबंधित पर्याप्त प्रचार सामग्री उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उक्त सामग्री प्रोटेक्शन होम में सदैव उपलब्ध रहे, ताकि भविष्य में वहां आश्रय लेने वाले जोड़े विधिक साक्षरता संसाधनों से लाभान्वित हो सकें और अपने अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक उपायों के प्रति जागरूक बनें।

### पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का फर्जी निस्तारण करना सीखे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।**
जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मथुरा शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने में जनपद में अब्बल दर्जे का उत्तर प्रदेश सरकार का महकमा का खिताब को दौड़ में शामिल हैं इसके मुखिया शिकायतों का फर्जी निस्तारण पर स्वयं अपनी देखरेख में कराते है कुछ समय पूर्व सख्त जेडी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का खुला खेल नामक समाचार में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संबद्ध वेतन बिल बनाने वाला पटल सहायक अनुज निकला बड़ा खिलाड़ी के संबंध में खबर प्रकाशित हुई। उक्त संबध में आई जी आर एस पर शिकायत संदर्भ संख्या 40014526007725 दर्ज हुई उसका फर्जी निस्तारण कर दिया।

## बी.एस.ए. में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मिस्ड कॉल अभियान आयोजित



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेशानुसार बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा में आज ह्लनारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023ह्व के समर्थन में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मोबाइल नंबर 9667173333 पर मिस्ड कॉल देकर अधिनियम के प्रति अपना समर्थन दर्ज कराया।
महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस अभियान में विद्यार्थियों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उद्देश्य, महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने की महत्ता तथा महिला सशक्तिकरण के सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं ने इसे महिला सम्मान और समान अवसर की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि ह्लनारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक कदम है। युवाओं को ऐसे सकारात्मक अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे समाज में समानता और जागरूकता का संदेश पहुंचे।ह्व उन्होंने आगे कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के माध्यम भी हैं।

## पहले ही प्रयास में बेटियों की शानदार सफलता, के.सी.एम. ओम विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम

**नया कीर्तिमान**

विद्यालय की छात्रा निर्जरा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** शहर के एकमात्र कन्या विद्यालय के.सी.एम. ओम इंटरनेशनल स्कूल ने दसवीं कक्षा के अपने पहले ही परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।
विद्यालय की छात्राओं ने शत-प्रतिशत परिणाम देकर न केवल संस्थान का गौरव बढ़ाया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने में सक्षम हैं।
विद्यालय की छात्रा निर्जरा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शगुन ने 98 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि परिधि और प्राची पोसवाल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त डेजल ने 95.8 प्रतिशत, दिव्या ने 95.6 प्रतिशत तथा मिक्कू ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।
विषयवार प्रदर्शन में भी छात्राओं ने उत्कृष्टता का परिचय दिया। सामाजिक विज्ञान विषय में परिधि और निर्जरा ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की, वहीं गणित में दिव्या ने पूर्णांक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
इसके साथ ही परिधि, पूर्वा, निर्जरा, शगुन, प्राची पोसवाल, रितिका और गीत ने विभिन्न विषयों में 99 अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।
विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, संस्थान का उद्देश्य प्रारंभ से ही बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना रहा है। पहले ही परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करना शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।
प्रधानाचार्या डॉ नम्रता कुंडू ने अध्यापिकाओं कोमल, शोभा, रश्मि, रिया, ममता, एकता, सुमन, पूजा और स्मृति के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी छात्राओं एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विभिन्न विद्यालयों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम आयोजित

**कालका / पिंजौर पूनम देवी**
कालका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों—मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कालका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिंजौर एवं सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, पिंजौर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कालका की लोकप्रिय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं तथा छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित किया। कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं एवं महिला शिक्षकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे सशक्त नारी विकसित भारत के संकल्प को और मजबूती मिली। विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा का सभी विद्यालयों में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर ह्यनारी सशक्तिकरण' विषय पर निबंध लेखन, स्वरचित कविता, स्लोगन लेखन एवं पोस्टर/पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग, स्लोगन एवं निबंधों में अत्यंत प्रभावशाली संदेश देखने को मिले। विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने कहा– नारी सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक सशक्त और विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव है। आज हमारी बेटियाँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

### अम्बाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा का मंडियों का दौरा

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**छछरौली**/व्यासपुर/प्रतापनगर। अम्बाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने बुधवार को अनाज मंडी छछरौली, व्यासपुर व प्रतापनगर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त प्रीति भी उनके साथ मौजूद रहीं। मंडियों में पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों, मार्केट कमेटी, मंडी एसोसिएशन व आढ़तियों ने उनका स्वागत किया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पोर्टल वेरिफिकेशन कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को गेटपास बनवाने में कोई दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपना अनाज बेचने में कोई समस्या न हो, इसे लेकर सरकार गंभीर है।

## सिरसा पुलिस की नशा तस्करों पर तस्करों पर बड़ी कार्रवाई



**सिरसा(शुभम.खटक).** सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीआईए सिरसा पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा चूरा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के उद्देश्य से लगातार ताबड़ तोड़ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस की एक पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग डिंग क्षेत्र में मौजूद थी । इस दौरान एनएच-9 डिंग थाना क्षेत्र में फतेहाबाद की ओर से आ रहे एक संदिग्ध लाल रंग के कैंटर को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान वाहन से सफेद रंग के 12 प्लास्टिक कट्टे बरामद हुए। शक के आधार पर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में जब कट्टों की गहनता से तलाशी ली गई, तो उनमें से 297 किलो 70 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर ही वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मेजर सिंह पुत्र मंदर सिंह निवासी गांव कुतियावाली, जिला मुक्तसर साहिब (पंजाब) के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना डिंग में आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह उक्त नशीला पदार्थ झारखंड के रांची क्षेत्र से लेकर आया था

## एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम, रुद्रांश राघव के 98 प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** पलवल के एचएसवीपी सेक्टरझ्र2 स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से विद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले में खुशी का माहौल है।
विद्यालय के विद्यार्थी रुद्रांश राघव ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त 30 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया।



विषयवार परिणाम भी सराहनीय रहे। सामाजिक विज्ञान, गणित और सूचना प्रौद्योगिकी विषयों में विद्यार्थियों ने पूर्ण 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि हिंदी और अंग्रेजी में अधिकतम 97 अंक प्राप्त हुए। इसके साथ ही कुल 642 विषयों में विशिष्ट श्रेणी प्राप्त होना विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था को दशार्ता है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षक वर्ग ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया गया।विद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रशासनिक सेवाओं और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों के लिए सुदृढ़ मार्गदर्शन दिया जाता है। विद्यालय के अनेक विद्यार्थी देश के प्रमुख संस्थानों में अध्ययनरत हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।
खेल क्षेत्र में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगभग 15 पदक अपने नाम किए हैं। वहीं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और नाटक प्रतियोगिताओं में जिला और क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।
आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में नवीन तकनीकों पर आधारित विशेष प्रयोगशाला स्थापित की गई है, जहां विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की कौशल प्रतियोगिता में कांस्य पदक और नकद पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में ह्लमार्गदर्शनह्व नामक विशेष व्यवस्था भी संचालित की जा रही है, जो उन्हें उनके भविष्य के प्रति सजग और सक्षम बनाती है।
विद्यालय की यह उपलब्धि अनुशासन, परिश्रम और उत्कृष्टता के समन्वय का परिणाम है, जो विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण को देगा और मजबूती: पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
स्थानीय भगत सिंह स्टेडियम में वीरवार को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा स्टेडियम से लेकर राजकीय नेशनल कॉलेज तक निकाली गई, जिसमें सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नारी




शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें उपस्थित सभी ने अपने हस्ताक्षर कर इस अधिनियम का समर्थन किया। बतौर मुख्यातिथि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि यह नारी शक्ति वंदन पदयात्रा सिर्फ एक पदयात्रा नहीं है बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जहां भी महिला शक्ति ने नेतृत्व किया है, वहां पर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है।

## न्यूज फ्लैश

### 10वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में कक्षा 10वीं (सीबीएसई) का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। आदर्श ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, तन्मय ने 96.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा हितेन ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं विषयवार परिणाम में सामाजिक विज्ञान में तन्मय ने 100/100, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में आदर्श व अनमोल ने 100/100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में हितेन व आन्या ने 97/100, हिंदी में तन्मय ने 99/100 तथा गणित में सारिका व एविश ने 91/100 अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति नागपाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बुबका स्कूल की दो छात्राओं ने एनएमएमएस परीक्षा में लहराया परचम



**रादौर, 16 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** राजकीय उच्च विद्यालय बुबका की दो छात्राओं पलक और खुशी ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल इंचार्ज मलकीत सिंह व स्टाफ ने छात्राओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यापिका अनीता, रीतू, महेश, दिव्यांशा, मुकेश, बाला, रानी, मोनिका व जगदीप सहित अन्य उपस्थित रहे और सभी ने छात्राओं को बधाई दी।

### सन राइज पब्लिक स्कूल प्रताप नगर का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत 28 बच्चों की आई मेरिट



**नितिन सिंगला जगाधरी**
सन राइज पब्लिक स्कूल प्रताप नगर का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा क कक्षा के 113 छात्रों में से 28 छात्रों ने मेरिट , 44 छात्रों ने प्रथम स्थान एवं शेष सभी छात्रों ने अच्छे अंक लेकर स्कूल एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया जिनमे से गुंजन ने सबसे ज्यादा 96.2, प्रभलीन ने 95.2 और अनुष्का ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर पहला दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया क इसके अतिरिक्त प्रभलीन ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, आईसीटी में गुंजन ने 98, हिंदी में 97 , विज्ञान में 97, गणित में 97 और अंग्रेजी में 94 अंक प्राप्त कर स्कूल एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रबंधक बलजीत सिंह सिन्धु, डा० वीरेंदर सिंह सिन्धु व प्रधानाचार्या परमजीत कौर सिन्धु ने सभी छात्रों और विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने तोशाम अनाज मंडी की किसानों और आढ़तियों से बातचीत

## सरकार द्वारा की जा रही फसल खरीद पर अधिकारियों से लिया फीडबैक

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 16 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने वीरवार को तोशाम अनाज मंडी में पहुंच कर किसानों और आढ़तियों से बातचीत की। उन्होंने सरकार द्वारा की जा रही फसलो की खरीद बारे अधिकारियों से फीडबैक लिया । कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि देश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार 24 फसलों को एमएसपी रेट पर खरीद रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या फसल खरीद में सरकार नहीं आने दी देगी। सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों और आढ़तियो से बातचीत करते तोशाम अनाज मंडी और पटौदी खरीद केंद्र पर बिजली, पानी सहित तमाम मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने सरकार द्वारा की जा रही खरीद पर किसानों की फसलों की आढ़तियों द्वारा गेहूं और सरसों की खरीद के दौरान तुलाई, झराई, उठान संबंधी तमाम जानकारियां भी बारीकी से ली।

इस अवसर पर एसडीएम संदीप कुमार, मार्केट कमेटी की सचिव सुदेश श्योरान, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सचिन जटासरा, एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, कृष्ण लेघा, , रोबिन पंघाल, ओमपाल पंघाल, ललित सिंगला, प्रवीण दहिया, हरीश आलमपुर, आढ़ती और किसानों सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने गांव बुसान में वीरेंदर सिंह फौजी के परिजनों से मिलकर उनकी असामयिक मौत पर शोक जताया। उनकी ड्यूटी सीआरपीएफ में पश्चिम बंगाल में थी। वहीं
खरकड़ी सोहान मे श्रुति चौधरी ने श्री अशोक पंघाल पुत्र श्री



रिशाल सिंह व महेंदर पुत्र रिछपाल के निधन पर शोक प्रकट कर परिजनों का ढाढस बढ़ाया।

### चाँद मेरा दिल का टाइटल ट्रैक हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** आखिरकार दर्शकों के सामने चाँद मेरा दिल का टाइटल ट्रैक आ गया है। टीजर के रिलीज होने के बाद से ही इस गाने ने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है, जिससे पूरे गाने को लेकर बेसब्री और भी बढ़ गई है। अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत यह टाइटल ट्रैक दिलों को छू लेने और म्यूज़िक चार्ट्स पर छा जाने के लिए तैयार है। प्यार के मौसम का जश्न मनाते हुए, निमार्ताओं ने बहुप्रतीक्षित चाँद मेरा दिल का टाइटल ट्रैक जारी कर दिया है। टीजर के रिलीज होने के बाद से ही इस गाने ने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है, जिससे पूरे गाने को लेकर बेसब्री और भी बढ़ गई है। अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत यह टाइटल ट्रैक दिलों को छू लेने और म्यूज़िक चार्ट्स पर छा जाने के लिए तैयार है। सचिन-जिगर की होनहार जोड़ी के शानदार म्यूज़िक, फहीम अब्दुल्ला की आवाज और अमिताभ भट्टाचार्य के बोल से सजा यह गीत प्यार के नाजुक लम्हों को बड़ी खूबसूरती से बयां करता है। रोमांस से भरपूर यह गाना बेहतरीन संगीत का एहसास कराता है और दर्शकों को तुरंत बॉलीवुड म्यूज़िक और कहानियों के सबसे सुहाने दौर की याद दिलाता है। यह टाइटल ट्रैक फिल्म के नाजुक लेकिन गहरे एहसास को अपने आप में समेटे हुए है, और इसके किरदारों की दुनिया की एक दिल को छू लेने वाली झलक पेश करता है। 'चाँद मेरा दिल' बिल्कुल वैसा ही है, जो हमें उस दौर की याद दिलाता है जब गाने सिर्फ.चार्टबस्टर नहीं होते थे, बल्कि वे ऐसे जज्बात थे जो लोगों के दिलों में बस जाते थे। इस मौके पर संगीतकार सचिन-जिगर ने कहा, चाँद मेरा दिल के जरिए हम एक ऐसा संगीत तैयार करना चाहते थे, जो सदाबहार भी लगे और जिसमें नयापन भी हो। हमने तो बस जज्बातों को ध्यान में रखा ताकि ये धुन लोगों के दिल को छू सके।

### बागवानी से जुड़ी टूल किट पर 40 से 75 प्रतिशत अनुदान

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला में बागवानी किसानों की आय में वृद्धि करने तथा बागवानी क्षेत्र का और अधिक विस्तार करने के लिए उद्यान विभाग द्वारा पुराने पौधों को हटाने तथा कीट प्रबंधन और सिंचाई व टूल किट आदि पर अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को पुराने बागों में सुधार जैसे मृत या पुराने पौधों को हटाने पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है जिसकी इकाई लागत चार हजार रुपये प्रति एकड़ की लागत के आधार पर 1600 रुपये प्रति एकड़ एक मुश्त दिए जाते हैं। यह लाभ अधिकतम पांच एकड़ तक मिलेगा।

# विज ने छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने डोमेस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला छावनी का निरीक्षण करते हुए पीडब्ल्यूडी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि एयरपोर्ट में निर्माण कार्य को पूरा कर लिया गया है। विज ने एयरपोर्ट में सुरक्षा संबंधित विषयों पर गहनता से चर्चा की तथा इससे संबंधित कार्यों को तुरंत पूरा करने के लिए चंडीगढ़ में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक भी बुलाई। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने



निरीक्षण के दौरान डोमेस्टिक एयरपोर्ट में पूरे किए गए कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री विज को बताया कि एयरपोर्ट में निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि विमान यात्रियों के आने-जाने, खाने-पीने, बैठने, वाहन पार्किंग एवं अन्य कार्य पूरे किए जा चुके है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट पर लगाए गए उपकरणों जिनमें बैगेज स्कैनर एवं अन्य बारे जानकारी ली। बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, एक्सईएन इलेक्ट्रिकल नवीन राठी, डोमेस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला छावनी के डायरेक्टर विक्रमजीत, टर्मिनल मैनेजर मोहित सहित एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने के लिए अम्बाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन के ठीक साथ रक्षा मंत्रालय से 133 करोड़ रुपए में 20 एकड़ जमीन ली गई है। 18 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट का ढांचा तैयार किया गया है तथा यहां पर उपकरण लगाए गए हैं।
अम्बाला छावनी एक महत्वपूर्ण स्टेशन है और यहां पर रेलवे का जंक्शन है और विभिन्न राजमार्ग यहां जुड़ते हैं।

### बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर दो मोटरसाइकिल बरामद

**पंचकूला/16 अप्रैल मैनपाल**
पंचकूला पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक और सफलता हासिल की है। थाना सेक्टर-20 पंचकूला में दर्ज बाइक चोरी के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक अन्य चोरीशुदा बाइक भी बरामद की है।
जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता जय प्रकाश निवासी इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 पंचकूला ने अपनी मोटरसाइकिल (हीरो स्पलेंडर) चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मौके का निरीक्षण करते हुए तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी गौरव आर्य निवासी ढकौली, जिला मोहाली (पंजाब) को काबू कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने चोरी की गई बाइक की नंबर प्लेट तोड़कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की थी। आरोपी के खुलासे पर पुलिस ने सेक्टर-20 पंचकूला क्षेत्र में झाड़ियों से एक और चोरीशुदा मोटरसाइकिल (बजाज प्लेटिना, भी बरामद की।

## द अरनौली पैक्स के चुनाव संपन्न मियां सिंह चेयरमैन और करनैल सिंह वाइस चेयरमैन चुने गए

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** द अरनौली प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के पदाधिकारियों के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव में मियां सिंह को चेयरमैन और करनैल सिंह को वाइस चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। गौरतलब है कि इन पदों के लिए पहले 9 अप्रैल को बैठक बुलाई गई थी, लेकिन उस समय कोरम पूरा न हो पाने के कारण प्रक्रिया को स्थगित करना पड़ा था। आज दोबारा हुई बैठक में आवश्यक कोरम पूरा हुआ और सर्वसम्मति से दोनों



पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगा दी गई। जीत की घोषणा के बाद नवनियुक्त चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने राष्ट्रीय बंजारा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष कुलवंत बाजीगर के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कुलवंत बाजीगर ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें किसानों की सेवा का संकल्प दिलवाया।

**पैक्स ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ः** इस अवसर पर अपने सम्बोधन में गुहला के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय बंजारा परिषद हरियाणा के चेयरमैन कुलवंत बाजीगर ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य सहकार से समृद्धि है। पैक्स के माध्यम से किसानों को कम ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण, खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराए जाते हैं। वर्तमान में सरकार पैक्स का कंप्यूटराइजेशन कर रही है ताकि पारदर्शिता आए। अब पैक्स केवल ऋण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये कामन सर्विस सेंटर के रूप में भी काम करेंगी, जिससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ गांव में ही मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मियां सिंह और करनैल सिंह को मेरी सलाह है कि वे सरकार की इन योजनाओं को हर पात्र किसान तक पहुंचाएं।

# योगेश्वर शर्मा ने भी भाजपा से महापौर पद के लिए ठोकी दावेदारी

**पंचकूला, 16 अप्रैल 2026,**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने आज पंचकूला नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए औपचारिक रूप से आवेदन कर दिया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे उनके प्रति जनसमर्थन और संगठनात्मक मजबूती स्पष्ट रूप से देखने को मिली। योगेश्वर शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ जिला प्रधान अजय मित्तल को अपना आवेदन पत्र सौंपा। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, प्रधान सतीश कुमार, योगी



मथुरिया, तरुण कुमार, राजेश्वर शर्मा एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उनके साथ आए कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने एकजुट होकर उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि योगेश्वर शर्मा इससे पहले पंचकूला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं और लंबे समय से पार्टी संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने संगठनात्मक स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है तथा क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। इस मौके पर योगेश्वर शर्मा ने कहा कि वे पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी नेतृत्व के हर निर्णय का सम्मान करते हैं।

### हकेवि में एआई पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के वेगश्री प्रकोष्ठ द्वारा ह्यडिजिटल तैयारी एवं उन्नति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर गुरुवार को एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक तकनीकी परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय की संभावनाओं को स्पष्ट करना तथा शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में डिजिटल दक्षता का विकास करना रहा

# सिटी ब्यूटीफुल में ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ अभियान चलाएंगी सर्वप्रेम व प्रयोग फाउंडेशन

**चंडीगढ़।** सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तेजी से बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध अब जागरूकता अभियान शुरू होने जा रहा है। विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय सर्वप्रेम फाउंडेशन तथा प्रयोग फाउंडेशन द्वारा आगामी 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय ध्वनि जागरूकता दिवस के अवसर पर ह्यध्वनि-द पीसह्व मुहिम शुरू की जा रही है। सर्वप्रेम फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम ओझा व डॉ.रोमिका वढेरा तथा प्रयोग फाउंडेशन की प्रोजेक्ट इंचार्ज शिवांगी बंसल तथा इस प्रोजेक्ट की कोआर्डिनेटर



डॉ.कविता शर्मा ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य चंडीगढ़ में प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों को जागरूक करते हुए ध्वनि प्रदूषण को शून्य तक लेकर जाना है। वर्तमान समय में ध्वनि प्रदूषण भी गंभीर रूप धारण कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 29 अप्रैल को चंडीगढ़ स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति के वैज्ञानिक सुनील डोगरा बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रदूषण के विषय पर ईएनटी विशेषज्ञ द्वारा बच्चों को इसके नुकसान के बारे में बताया जाएगा, वहीं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भाषण प्रतियोगिता तथा पेंटिंग के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिटी ब्यूटीफुल में यह अभियान अगले एक साल तक चलाया जाएगा जिसमें 100 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करके शहर वासियों को बीहेवियर चेंज के माध्यम से इस अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा।

# कुलभूषण गोयल ने पंचकूला से मेयर पद पर दावा ठोका

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला के आगामी मेयर चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां संभावित उम्मीदवारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, वहीं पार्टी के अंदर टिकट को लेकर चचाओं और दावेदारी का दौर भी तेज हो गया है। इसी बीच पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल एक बार फिर मजबूत दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। भाजपा के स्थानीय संगठन और कार्यकताओं के बीच कुलभूषण गोयल का नाम सबसे आगे चल रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गोयल ने मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है और उन्हें जमीनी स्तर पर अच्छा समर्थन भी मिल रहा है। कार्यकताओं का



मानना है कि पार्टी को इस बार भी एक अनुभवी और साफ छवि वाले नेता को मौका देना चाहिए। कुलभूषण गोयल की पहचान एक सादगीपूर्ण और ईमानदार नेता के रूप में रही है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए, जिन्होंने उन्हें आम जनता और कर्मचारियों के बीच लोकप्रिय बनाया। सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने महापौर रहते हुए नगर निगम से मिलने वाला पूरा वेतन और मानदेय सफाई कर्मचारियों में वितरित कर दिया। यह कदम शहर में काफी चर्चा का विषय बना और लोगों ने इसे सेवा भावना का उदाहरण माना।
इसके अलावा, गोयल ने अपने कार्यकाल में सरकारी सुविधाओं के दुरुपयोग से भी दूरी बनाए रखी। उन्होंने निजी जीवन में सादगी अपनाते हुए सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे उनकी छवि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में और मजबूत हुई।
भाजपा के कई स्थानीय कार्यकताओं और पदाधिकारियों का मानना है कि पार्टी को ह्यबाहरी चेहरेह्व पर दांव लगाने से बचना चाहिए। उनका कहना है कि कुलभूषण गोयल जैसे अनुभवी और जमीनी नेता को टिकट देना ही पार्टी के लिए फायदेमंद होगा। कार्यकताओं का यह भी कहना है कि गोयल का संगठन में लंबा अनुभव और जनता से सीधा जुड़ाव चुनाव में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा नेतृत्व के सामने इस बार उम्मीदवार चयन को लेकर संतुलन बनाना बड़ी चुनौती बन सकता है। एक ओर जहां कई नए चेहरे भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं, वहीं अनुभवी नेताओं की दावेदारी भी मजबूत है। ऐसे में पार्टी को संगठनात्मक मजबूती, जीत की संभावना और जनस्वीकार्यता जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना होगा।

### चीका की विभिन्न मंडियों में 11 लाख 28 हजार 560 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गुहला क्षेत्र में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार तक चीका क्षेत्र की विभिन्न मंडियों में 11 लाख 28 हजार 560 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। किसानों को किसी प्रकार परेशानी न हो, इसके लिए सभी मंडियो में इंतजाम किए हुए है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे गेहूं कटाई के बाद बचने वाले अवशेषों में आग न लगाएं, बल्कि इसको मशीनों की सहायता से पशुओं के लिए चारा के लिए उपयोग में लाएं।


**उत्तर रेलवे**
**ई—निविदा सूचना**
प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उत्तर रेलवे, अम्बाला कैंट भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई—निविदा आमंत्रित करता है। निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाकर्ता अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव नीचे दिए गए निर्धारित समापन समय और तारीख से पहले जमा कर सकते हैं। निविदा केवल ई—पोर्टल के माध्यम से स्वीकार की जाएगी। निविदा संख्याः **NR/Pr/UMB/EL/25240/G-1. कार्य का नामः**— प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उत्तर रेलवे कॉम्प्लेक्स— अम्बाला कैंट, उत्तर रेलवे/परियोजना ऑफिसर रेस्ट हाउस—अंबाला कैंट, सीडीएमएस/परियोजना/उत्तर रेलवे, डिपो—कुरुक्षेत्र में विभिन्न कार्यालयों में सामान्य विद्युत कार्य के रखरखाव अनुबंध का कार्य और अंबाला कैंट में प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उत्तर रेलवे कॉम्प्लेक्स के कार्यालय में स्थापित 50 केवीए डीजी सेट में ईंधन की आपूर्ति और उसके भरने सहित रखरखाव और संचालन दो साल की अवधि के लिए।

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 3576251.00 | 71600/- | 24 | Nil | 15.05.2026 at 15:00 Hrs | 15.05.2026 at 15:30 Hrs |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। ई—टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) का भुगतान केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। उल्लिखित के अलावा भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा और ऐसे प्रस्ताव को बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) के बिना अमान्य माना जाएगा। अन्य सभी नियम एवं शर्तें रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से देखी और डाउनलोड की जा सकती है
**निविदा सूचना क्रमांकः NR/Pr/UMB/EL/Advt./01 दिनांकः 16.04.2026 1260/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# समय पर पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग व सुविधाओं से बना सुरक्षा का बेहतर माहौल: योगी

● वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ





**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का मॉडल खड़ा हुआ। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाए गए हैं। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवन का लोकार्पण करने के बाद भ्रमण और निरीक्षण कर भवन में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। पर, हम उसका एक ही पक्ष देख पाते थे। पुलिस का सामान्य सिपाही हो या सब इंस्पेक्टर व डिप्टी एसपी, यदि उसकी ट्रेनिंग नहीं है तो वह भी एक कॉमन मैन (सामान्य व्यक्ति) ही होगा। योगी ने कहा कि पहले भर्ती, ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था। इसका परिणाम यह होता था कि बहुत से नौजवान पुलिस भर्ती में नहीं आना चाहते थे।

**नौ वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती**

मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमे में वर्ष 2017 के बाद आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि नौ साल पहले जब उनकी सरकार आई तो उस समय पुलिस बल में आधे से अधिक पद खाली थे। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि 2017 के पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता एक समय मे तीन हजार से अधिक नहीं थी। वर्तमान में अवस्थापना सुविधाओं के विकास का परिणाम है कि अब एक समय में 60 हजार पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग करवाई जाती है। समय पर लिए गए निर्णय, और समय पर दिए गए संसाधनों के परिणामस्वरूप पुलिस को 200 गुना सुविधाओं से सम्पन्न किया गया है। योगी ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी हो, कहीं पर पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। कई बार शिकायत आती थी कि पुलिस वाले ने घर पर कब्जा कर लिया है। वह कब्जा नहीं करता था। पता चलता था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और मकान मालिक उससे घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामान्य शिकायत आती थी। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं क्योंकि सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले थाना का भवन बनता था लेकिन उसमें बैरक नहीं बनते थे। वहां अन्य सुविधाएं नहीं उपलब्ध हो पाती थीं। बहुत बार पुलिस किसी अपराधी को पकड़कर लाती थी तो रुकने की व्यवस्था नहीं होती थी। पुलिस कई बार असहाय दिखती थी। अपराधी भाग जाता था। उन्होंने कहा कि पुलिस को अब असहाय बनने की आवश्यकता नहीं है। अब अपराधी भाग नहीं सकता क्योंकि थाने में ही उसे रोके रखने की सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता क्योंकि अब थाने में पुलिस कार्मिकों के लिए अलग से बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बैरक बनाए गए हैं। हर समय, हर थाना में पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिक उपलब्ध होंगे। जो थाने की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम करेगा, उसके काम को तमाम करने के लिए पुलिसकर्मी वहां हमेशा मुस्तैद होकर के अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता हुआ दिखाई देगा। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, प्रदेश सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, एडीजी सुरक्षा तरुण गाबा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**सुरक्षा का माहौल**

बीते नौ वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है : सीएम

## घबराइए मत, बच्चे के इलाज में नहीं आने देंगे कोई बाधा: मुख्यमंत्री



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला की तरफ से नहीं बना है, जवाब मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा- घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ थमाया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। साथ ही डीएम के जरिये इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने उनसे मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

# कूचबिहार रैली में मुख्यमंत्री ममता बोलीं - भाजपा कर रही अत्याचार

**हमला बोला**

भाजपा के पास बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नहीं हैं, वह फॉर्म भरवाकर लोगों को बैठाने की कोशिश कर रही है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 का प्रचार अभियान अपने चरम पर है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कूचबिहार जिले के माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र के घोजाडांगा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यह सभा तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार साबलू बर्मन के समर्थन में आयोजित की गई थी। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि देश के विभिन्न विपक्षी नेता, जिनमें उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन और तेजस्वी यादव शामिल हैं, उनसे संपर्क में हैं और सभी का मानना है कि बंगाल में भाजपा अत्याचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नहीं हैं और वह एजेंसियों के जरिए फॉर्म भरवाकर लोगों को बैठाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव में पैसे के दम पर प्रभाव डालने की कोशिश कर रही है। महिला आरक्षण बिल को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। उनका कहना था कि इसे परिसीमन के साथ जोड़ना एक साजिश है।

# '...ताकि नारी शक्ति का वंदन हर घर, हर गली में गूंजे'



**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से नारी शक्ति वंदन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया, जो महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के संकल्प को दशार्ता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने नारी शक्ति वंदन पर अपना बयान देते हुए कहा, "नारी शक्ति वंदन न केवल एक अभियान है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की संस्कृति को मजबूत करने का माध्यम है। प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि नारी शक्ति का वंदन हर घर, हर गली में गूंजे।"

# मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी एक्शन मोड में, धड़ाधड़ कर रहे बैठकें

**दिशा-निर्देश**

मौजूदा व्यवस्था के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग हैं



**पटना।** मुख्यमंत्री बनने के सम्राट चौधरी एक्शन मोड में हैं । गुरुवार सुबह सम्राट सचिवालय पहुंच और सभी विभागों के प्रधान सचिवों के साथ अहम बैठक की। बैठक में प्रशासनिक स्तर पर कई बड़े निर्देश दिए जा सकते हैं। दूसरी ओर बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे के उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने भी जल संसाधन विभाग का पदभार ग्रहण किया। सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके साथ जदयू के विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली थी। मौजूदा व्यवस्था के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग हैं, जबकि विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट विस्तार के बाद इन विभागों का पुनर्वितरण किया जाएगा। तब तक तीनों नेता ही सभी विभागों का कार्यभार संभालेंगे। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने सिंचाई भवन स्थित जल संसाधन विभाग में पदभार ग्रहण किया एवं विभागीय कार्यों का जायजा लिया। विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# समाजवादी पार्टी पर जिन्ना की सोच हावी हो चुकी : आनन्द दुबे

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मुस्लिम महिलाओं के लिए देश में अलग से सीटें आरक्षित करने की मांग करने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आलोचना की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आनन्द दुबे ने गुरूवार को कहा कि समाजवादी पार्टी पर जिन्ना की सोच हावी हो चुकी है। उन्होंने कहा सपा पर मुस्लिम तुष्टीकरण इस तरह हावी हो गया कि हर जगह उन्हें सिर्फ मुसलमान ही मुसलमान दिखाई देता है। जिस तरह से जिन्ना मुसलमानों के लिए देश में अलग से आरक्षित चुनाव क्षेत्र की मांग करते थे, आज उसी तरह महिला आरक्षण पर बात करते हुए संसद में सपा ने मुस्लिम महिलाओं के लिए देश में अलग से सीटें आरक्षित करने की मांग की। यह वही जिन्ना वाली सोच है जिसने देश का बंटवारा कराया। संविधान और बाबा साहेब का नाम लेने वाली समाजवादी पार्टी की असलियत यही है। विदित हो कि गुरूवार को सपा के सदस्यों ने संसद में मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण देने की मांग की।

# देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है जनगणना : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर :** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान संचालित हो रहा है और छत्तीसगढ़ में भी आज से ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना को आधुनिक और डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार आने वाले वर्षों की योजनाएं तैयार करती है, ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 मई 2026 से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर आवासीय और गैर-आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे।
उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जब भी प्रगणक घर आएं, तो उन्हें सही, स्पष्ट और पूर्ण जानकारी दें, क्योंकि प्रत्येक जानकारी राज्य के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**जनगणना**

साय ने मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया

# आमजन को भयमुक्त वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री




**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पुलिस पर प्रदेश की कानून व्यवस्था की अहम जिम्मेदारी है। पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाकर प्रदेश में आमजन को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस के जवान अथक परिश्रम, अनुशासन और जनसेवा के जज्बे के साथ हर परिस्थिति में ढाल बनकर प्रदेशवासियों की सुरक्षा के लिए तत्परता से कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है तथा हम अपराध मुक्त राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शर्मा गुरुवार को राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस ने 77 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा में साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान की अनुपम मिसालें पेश की हैं। शर्मा ने अमर शहीद पुलिसकर्मियों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों ने आमजन की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रदेश में सुदृढ़ पुलिसिंग से समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। अच्छी कानून व्यवस्था से राजस्थान की पहचान अब एक शांतिप्रिय राज्य के रूप में बनी है। इससे बड़ी संख्या में निवेशक और पर्यटक प्रदेश में आने के उत्सुक हैं और राज्य अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग से साइबर अपराध, नशा व संगठित अपराध जैसी चुनौतियों का सामना आसानी से किया जा सकता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। जागरूक नागरिक ही इन अपराधों के खिलाफ सबसे मजबूत दीवार बन सकते हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाए गए नवीन कानूनों के क्रियान्वयन में राजस्थान अग्रणी राज्यों में शामिल है। हमारी सरकार अपराध और भ्रष्टाचार रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि पिछले दो वर्षों में अपराधों में 18.77 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के प्रकरणों में 25.68 प्रतिशत, डकैती में 47.26, लूट में 50.75 तथा महिला अत्याचारों में लगभग 10 प्रतिशत की कमी आई है।

**सुरक्षा**

राजस्थान पुलिस हर परिस्थिति में ढाल बनकर प्रदेशवासियों की सुरक्षा के लिए तत्परता से कार्य कर रहे : सीएम

# गाजियाबाद की झुग्गी बस्ती में भीषण आग से 150 झुग्गियां जलीं, छह बच्चे लापता होने की आशंका



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव की झुग्गी बस्ती में गुरुवार दोपहर को अचानक भीषण आग लगने से 150 से अधिक झुग्गियां जल गईं। आग लगने के दौरान छह बच्चों के लापता होने की खबर है, लेकिन आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं बताया गय है। दमकल विभाग की कई टीमें आग पर काबू करने में जुटी हैं। बताया गया कि आज दोपहर को कनवानी गांव में स्थित झुग्गियों में अचानक आग लग गई। जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें काफी दूर से देखी जा रही थीं। आग लगने की वजह से झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडरों के एक-एक करके फटने के धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने की अफरा तफरी के बीच छह बच्चों के लापता होने की बात सामने आ रही है। हालांकि कि जिला प्रशासन ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।